

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शुक्रवार 15 मई 2026 ■ ज्येष्ट कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष -42 ■ अंक-047 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 मई 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

# पेट्रोल-डीजल पर महंगाई की आग

## पेट्रोल 3 रुपये 25 पैसे,डीजल 3 रुपये 02 पैसे प्रति लीटर महंगा

**जयपुर,15 मई।** राजस्थान की राजधानी जयपुर समेत पूरे प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अचानक लगी आग ने आम जनता के बजट को बिगाड़ दिया है. तेल कंपनियों ने वैश्विक परिस्थितियों और अन्य कारकों का हवाला देते हुए ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की है. इस फैसले के बाद अब मध्यम वर्गीय परिवारों और वाहन चालकों की जेब पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ना तय माना जा रहा है.नई दरों के लागू होने के बाद ईंधन की कीमतों में जबरदस्त बदलाव देखने को मिला है:

**पेट्रोल:** पेट्रोल के दामों में 3 रुपये 25 पैसे प्रति लीटर का इजाफा किया गया है. इस बढ़ोतरी के साथ ही जयपुर में अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 108 रुपये के आंकड़े को छू चुकी है.

**डीजल:** डीजल की कीमतों में भी 3 रुपये 02 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि हुई है.



अब राजधानी में डीजल का भाव 93 रुपये 26 पैसे प्रति लीटर पर पहुँच गया है.

### कांग्रेस ने मोदी को घेरा

देश भर में पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने पर कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। दरअसल, केंद्र सरकार की ओर से पूरे देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3.25 रुपये बढ़ाए जाने पर कांग्रेस ने इसे जनता पर कोड़े बरसाने के रूप में कहा। कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट करके लिखा, "महंगाई-मैन मोदी ने आज एक बार फिर जनता पर कोड़े बरसाए हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3-3 रुपये बढ़ा दी गई हैं। इसके साथ ही, सीएनजी की कीमतें भी 2 रुपये बढ़ा दी गई हैं। चुनाव खत्म – मोदी की वसूली शुरू।" इसके साथ ही ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों के पूरा होने से जोड़ते हुए कहा कि चुनावों के बाद पीएम मोदी की वसूली शुरू हो गई है।

### खत्म होगा एलपीजी संकट

ईरान युद्ध के बीच दुनियाभर में ऊर्जा संकट के बीच भारत और यूएई में बड़ी एनर्जी डील हुई है। दोनों देशों में एलपीजी की आपूर्ति को लेकर समझौता किया गया है। जानकारों का कहना है कि इस डील से भारत को बड़ी राहत मिल सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय यूएई के दौरे पर हैं। उन्होंने यूएई में ईरानी हमलों की निंदा करते हुए कहा कि वह शांति स्थापित करने के लिए हर तरह की मदद करने को तैयार हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि होर्मजु स्ट्रेट से आवाजाही सुनिश्चि करना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए जो कुछ जरूरी होगा किया जाएगा। दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी का भी फ्रेमवर्क बनाया गया है।

### मोदी की अदूरदर्शिता के कारण देश में अफरा-तफरी : दीपक बैज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री मोदी की अदूरदर्शी अपील के कारण देश में पेट्रोल डीजल को लेकर अफरा तफरी का माहौल बनाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने अपील के कारण पूरे देश में भय पैदा कर दिया, लोग पेट्रोल डीजल के संकट के भय से ग्रसित होकर पेट्रोल पंपों पर लाइन लगा रहे है। दूसरी तरफ देश भर के आधे पेट्रोल पंपो का ड्राई हो जाना भी लोगो में भय का बड़ा कारण है। सरकार के पास पर्याप्त स्टाक है, तो सरकार सप्लाई को सुचारू क्यों नहीं कर पा रही, यदि सभी पंपो में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल मिलेगा तो लोग खुद ही कतार में नहीं लगेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार को पेट्रोल-डीजल का रेट बढ़ाना था, इसलिये यह ड्रामा किया गया।

# भारत हमेशा यूएई के साथ खड़ा रहेगा: मोदी

**अबू धाबी,15 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। यूएई के एफ16 जेट विमानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान को यूएई के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कराते समय सुरक्षा प्रदान की। अबू धाबी में उतरने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री ने यूएई के बात करते हैं, लेकिन उनसे आमने-सामने मिलने के लिए उत्सुक थे।

पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत हर परिस्थिति में संयुक्त अरब अमीरात के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और भविष्य में भी ऐसा ही करता रहेगा। भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए हर



राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय मुद्दों, विशेष रूप से ऊर्जा सहयोग, साथ ही पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज अपने पांच देशों के दौरे की शुरुआत की, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा शामिल है। एक सप्ताह तक चलने वाले इस राजनयिक दौरे का उद्देश्य व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा सुरक्षा, नवाचार और हरित विकास जैसे क्षेत्रों में भारत की साझेदारियों को मजबूत करना और यूरोप और खाड़ी क्षेत्र के साथ नई दिल्ली के संबंधों को और बढ़ाना है। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सौहार्दपूर्ण व्यक्तिगत संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि वे अक्सर यूएई के नेता से फोन पर संभव सहयोग देने को तैयार है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रहे युद्ध का प्रभाव आज पूरी दुनिया में महसूस किया जा रहा है। भारत ने समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। होर्मुज को स्वतंत्र, खुला और सुरक्षित रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मामले में अंतरराष्ट्रीय कानूनों का अनुपालन करना अनिवार्य है।

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्मजोशी से स्वागत के लिए गहरी सराहना व्यक्त की।

उन्होंने कहा, "मैं आपके हार्दिक स्वागत के लिए आभार व्यक्त करता हूं। जैसा कि आपने कहा - मैं अपने दूसरे घर में आया हूं। यह भावना मेरे जीवन की एक बड़ी पूंजी है। आज आपके वायुसेना के जेट विमानों ने मुझे एस्कॉर्ट किया। यह भारत की जनता के लिए सम्मान की बात है।

### ओवरटाइम घोटाला में अनवर ढेबर की जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर,15 मई।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट ने सीएसएमसीएल मैनपावर सप्लाई घोटाले में आरोपी अनवर ढेबर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है, आर्थिक अपराध सामान्य अपराध नहीं होते, बल्कि ये समाज और देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाली सुनियोजित साजिश होते हैं। सीएसएमसीएल में कर्मचारियों के ओवरटाइम भुगतान में गड़बड़ी से जुड़ा मामला है। ईडी की जांच में 28.80 लाख रुपए नकद मिले थे। आरोप है, कर्मचारियों के ओवरटाइम के पैसे में भ्रष्टाचार किया गया। जांच के बाद, मिले सबूत के आधार पर एसीबी ने धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। अनवर ढेबर पर आरोप है, उन्होंने अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर सीएसएमसीएल के कामकाज और पैसों के फैसलों में दखल दिया।

### बंगाल में 'योगी मॉडल', अतिक्रमणों पर बुलडोजर

**कोलकाता,15 मई।** सिलीगुड़ी उपमंडल कार्यालय में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक हुई, जिसमें उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम), पुलिस आयुक्त, दार्जिलिंग जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) और कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। चर्चा का मुख्य विषय कानून व्यवस्था को मजबूत करना, अवैध निर्माणों को हटाना, मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाना और अवैध शराब की दुकानों, बार और पबों पर कार्रवाई करना था। शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद पश्चिम बंगाल में सख्त प्रशासनिक अभियान शुरू हो गया है। सिलीगुड़ी में अवैध अतिक्रमणों और अनाधिकृत ढांचों को हटाने के लिए बड़े पैमाने पर विध्वंस अभियान की तैयारी शुरू हो गई है। दार्जिलिंग के सांसद राजू बिस्टा ने संकेत दिया है कि जल्द ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी और पुष्टि की है कि अभियान में तेजी लाने के लिए उत्तर प्रदेश से लगभग दो दर्जन बुलडोजर मंगवाए गए हैं। सिलीगुड़ी उपमंडल कार्यालय में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक हुई, जिसमें उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम), पुलिस आयुक्त, दार्जिलिंग जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) और कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। चर्चा का मुख्य विषय कानून व्यवस्था को मजबूत करना, अवैध निर्माणों को हटाना.

# भिलाई-दुर्ग में पेट्रोल पंपों में हाहाकार, कई जगह 'नो फ्यूल' की स्थिति

**भिलाई ,15 मई।** दुर्ग के कई पेट्रोल पंपों में नो फ्यूल की स्थिति बन गई है। जिस पंप में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता है, वहां वाहन समेत पहुंची बेतहाशा भीड़ से अफरातफरी मची हुई है। तेल संकट की अफवाहों के बीच पेट्रोल और डीजल की कीमत में प्रति लीटर तीन - तीन रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। इस बीच कुछ पेट्रोल पंप पर नियम के खिलाफ जाकर बोतल और केन में पेट्रोल व डीजल दिया जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पंप पर आज दूसरे दिन भी भीड़ की स्थिति बनी रही। लिहाजा कई पंपों में पेट्रोल और डीजल का स्टाक खत्म हो गया। ऐसे पंपों पर दोनों ओर सड़क बाधित कर कर्मचारी हाथ में हाथ धरे बैठे रहे। जबकि जिन कुछ पेट्रोल पंपों में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित रही, वहां वाहनों की लगी लंबी कतारों के चलते अव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहा है। सुबह सुबह हुई तेज बारिश के दौरान दुपहिया वाहन चालक भीगते हुए पेट्रोल के लिए खड़े रहे। कुछ पंपों में इंधन खत्म हो जाने का



हवाला देकर लोग बोतल और केन लेकर कतार में खड़े दिखे। ऐसे लोगों को बिना कोई ऐतराज जताए पेट्रोल और डीजल दिया भी जाता रहा पेट्रोल डीजल का स्टॉक खत्म होने की अफवाह के बीच तेल कंपनियों ने इनकी कीमतों में बढोत्तरी कर दी है। पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम तीन-तीन रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिए गए हैं। माना जा रहा है वैश्विक बाजार में ऊर्जा की जो कीमतें इतनी तेजी से बढ़ी हैं, जिसके कारण तेल कंपनियों को इसके दाम बढ़ाने पड़े हैं।

पिछले दो दिन से यह अफवाह तेजी से फैली है कि सभी जिलों में पेट्रोल डीजल खत्म हो गया है। इसके बाद गुरुवार को भिलाई - दुर्ग के शहर और ग्रामीण क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग गई। हालांकि खाद्य विभाग ने अपनी तरफ से अफवाहों पर ध्यान देने से मना किया था इसके बाद भी लोग पेनिक होते रहे। वहीं तेल कंपनियों ने इसकी दरों में वृद्धि कर दी है। नई दरें शुक्रवार सुबह से लागू हो गई हैं सुनिश्चित की जा रही पर्याप्त उपलब्धता खाद्य नियंत्रक दुर्ग अनुराग सिंह भदौरिया ने बताया कि पेट्रोल व डीजल को लेकर अफवाह की स्थिति है। अचानक उमड़ी भीड़ के चलते कई पंपों में नो फ्यूल की स्थिति बनी है। पेट्रोलियम कंपनियों से बात कर पेट्रोल व डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि कंपनियों के पास पेट्रोल और डीजल का पर्याय स्टाक है। लोगों को धैर्य रखना होगा। तेल संकट के इस कृत्रिम संकट की स्थिति में कालाबाजारी करने वालों पर नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही नियम के खिलाफ जाकर बोतल या डिब्बे में पेट्रोल व डीजल देने वाले पंप संचालकों पर कार्रवाई की चेतावनी उनके द्वारा दी गई है .

# 21 जून को होगी दोबारा नीट परीक्षा

**नई दिल्ली,15 मई।** नीट यूजी परीक्षा में पेपर लीक विवाद के बाद केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि, परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हुआ था। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि, छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए अगले वर्ष से नीट परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। प्रेस वार्ता में शिक्षा मंत्री ने कहा कि, सरकार किसी भी गलत अभ्यर्थी का चयन नहीं होने देना चाहती थी, इसलिए जिम्मेदारी के साथ परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि, अब नीट यूजी की दोबारा परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र 14 जून तक उपलब्ध करा दिए जाएंगे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक चलेगी और छात्रों को अतिरिक्त 15 मिनट का समय भी दिया जाएगा। हालांकि शिक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का बचाव करते हुए कहा कि, एजेंसी ने वर्षों से कई बड़ी परीक्षाएं सफलतापूर्वक कराई हैं। उन्होंने माना कि, परीक्षा प्रणाली में कुछ कमियां सामने आई हैं, जिन्हें सुधारने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। दोबारा परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सरकार ने पेपर लीक मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दी है। मंत्री ने कहा कि परीक्षा माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। इस पूरे मामले को लेकर शिक्षा मंत्री के आवास पर उच्च स्तरीय बैठक भी हुई, जिसमें कई बड़े अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# आरंग में अवैध रेत भंडारण और उत्खनन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, 142 हाइवा रेत जब्त

**आरंग,15मई।** रायपुर जिले के आरंग में अवैध रेत भंडारण के खिलाफ प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई की है। खनिज विभाग और प्रशासन की टीम ने ग्राम गुल्लू के पास भारी मात्रा में अवैध रेत का जखीरा बरामद किया है। राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई में कुल 142 हाइवा रेत जब्त की गई है, जिसे स्थानीय ग्राम पंचायत की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। प्रशासन को लंबे समय से क्षेत्र में रेत के अवैध डंपिंग की शिकायत मिल रही थी, जिसके बाद सूचना के आधार पर अधिकारियों ने दो प्रमुख स्थानों पर दबिश दी। गुल्लू-अकोली मार्ग पर सुंदर नगर (भिलाई) निवासी प्रिंस जायसवाल की निजी जमीन पर लगभग 81 हाइवा रेत का अवैध भंडारण पाया गया। इसी तरह गुल्लू-देवरी मार्ग पर ही आरंग निवासी अविनाश अग्रवाल द्वारा अवैध रूप से डंप की गई लगभग 61 हाइवा रेत बरामद की गई। जब्त की गई कुल 142 हाइवा रेत को तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत गुल्लू के सुपुर्द कर दिया गया



है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध दस्तावेजों और रॉयल्टी पर्ची के रेत का भंडारण पूरी तरह गैर-कानूनी है, और इस पर आने वाले समय में भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। खनिज विभाग की इस कार्रवाई का नेतृत्व खनिज निरीक्षक प्रिया सिन्हा ने किया। टीम में मुख्य रूप से सुनील दत्त शर्मा (सुपरवाइजर), लुकेश वर्मा, तारकेश्वर वर्मा शामिल थे। वहीं हरदीडीह महानदी में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ केंद्रीय खनिज उड़नदस्ता और रायपुर जिला टीम ने संयुक्त कार्रवाई की है। इस औचक निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन कर मशीनों से उत्खनन करते पाए जाने पर 3 चैन माउंटेन मशीनों को जब्त कर सील कर दिया गया। खनिज विभाग ने इस मामले में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 के तहत कार्रवाई की है। अवैध उत्खनन करने वालों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। विभागीय सचिव और संचालक स्तर से अवैध उत्खनन पर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा रहा है। खनिज निरीक्षक सुश्री प्रिया सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र में अवैध उत्खनन और भंडारण करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई रेत माफियाओं के खिलाफ एक चेतावनी है।

# मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडारण

**रायपुर,15 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों से पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की चिंता न करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा प्रदेश के सभी ऑयल डिपो में नियमित रूप से ईंधन की आपूर्ति की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं ऑयल कंपनियां पूर्ण समन्वय के साथ स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भी भारत सरकार द्वारा प्रभावी तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं और ईंधन आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी देशवासियों से अनावश्यक खरीदारी एवं संग्रहण से बचने तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे संयम, जागरूकता और जिम्मेदारी का परिचय दें। केवल आवश्यकता अनुसार ही ईंधन लें तथा किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह से दूर रहें। उन्होंने कहा कि आपकी सजगता, संयम और सहयोग से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की ईंधन व्यवस्था निरंतर सुचारू बनी रहेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम सभी मिलकर जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें.

### रायपुर में पेट्रोल के दाम 103 रुपये 48 पैसे

**रायपुर।** रायपुर में पेट्रोल के दाम 103 रुपये 48 पैसे हुए. पेट्रोल और डीजल के नए दाम शुक्रवार (15 मई 2026) से लागू हो गए हैं. जहां दिल्ली में पेट्रोल 3 रुपये महंगा होकर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गया है, तो कोलकाता में ये 108.74 रुपये (3.29 रुपये महंगा), मुंबई में 106.68 रुपये (3.14 रुपए महंगा) और चेन्नई में 103.67 रुपये (2.83 रुपए) प्रति लीटर की दर से बिक रहा है.महानगरों में ईंधन की कीमतों में करीब 2.80 रुपये से लेकर 3.30 रुपये तक का इजाफा देखा गया है. दिल्ली में अब डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर मिलेगा. वहीं, कोलकाता में इसके दाम 95.13 रुपये, मुंबई में 93.14 रुपये और चेन्नई में 95.25 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं.

### नारायणपुर सीमा पर नक्सल डम्प बरामद

**कांकेर,15 मई।** थाना कोयलीबेड़ा पुलिस, डीआरजी टीम और बीएसएफ के संयुक्त अभियान में कांकेर-नारायणपुर सीमावर्ती जंगल क्षेत्र से नक्सलियों का बड़ा डम्प बरामद किया गया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने मौके से आईईडी समेत भारी मात्रा में नक्सल सामग्री जब्त की और एक प्रेशर कुकर आईईडी को सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के मार्गदर्शन, बीएसएफ डीआईजी और कांकेर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत की गई। लगातार सर्चिंग के दौरान डोमांज, आमाकोल और गट्टाकाल के बीच जंगल-पहाड़ी इलाके में यह बरामदगी हुई।बरामद सामग्री में 50 बीजीएल सेल, 2 प्रेशर कुकर आईईडी (लगभग 5 किग्रा और 3 किग्रा).

# आकाशीय बिजली से मकान में आग



महासमुंद,15 मई। महासमुंद जिले के बागबाहरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बाघामुड़ा में शुक्रवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। सुबह करीब 4 बजे प्रज्ञानंद देवांगन के घर पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिसके बाद पूरे घर में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा घर जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि आकाशीय बिजली गिरते ही घर में रखे सामान ने आग पकड़ ली और धीरे-धीरे आग की लपटों ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन दमकल गाड़ी के पहुंचने तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। बाद में ग्रामीणों और दमकल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हादसे में करीब 8 से 10 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। प्रज्ञानंद देवांगन मोटरसाइकिल बैग बनाने का काम करते हैं और उनके काम से जुड़ा पूरा सामान भी आग में जलकर खाक हो गया। घटना के समय घर में प्रज्ञानंद देवांगन सहित परिवार के कुल 5 सदस्य मौजूद थे। आग की चपेट में आने से उनकी पत्नी नंदनी झुलस गईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद गांव में दहशत और मातम का माहौल है।

# जनसेवा ही हमारा संकल्प, और जनसमस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता: भावना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 15 मई।** छत्तीसगढ़ की जनता के समस्याओं का निराकरण कर उनतक शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की दिशा में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश स्तर पर सुशासन तिहार के तहत सरकार जनता के द्वार पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रही है। इसी कड़ी में आज पंडरिया विधायक भावना बोहरा ग्राम पंचायत रणवीरपुर एवं घुटुरकुण्डी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुईं और बड़ी संख्या में उपस्थित जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और उपस्थित विभाग के अधिकारीयों को तत्काल समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान भावना बोहरा ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को राशन कार्ड, ट्राइसिकल व लखपति दीदियों को चेक तथा प्रशस्ति पत्र का वितरण कर उन्हें बधाई दी और इन योजनाओं से उनके जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तन को जाना और जनता से संवाद किया।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के कुशल मार्गदर्शन में सुशासन तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य आयोजित किया किया गया है जो जनसुविधाओं के विस्तार व जनता के समस्याओं के समाधान में सार्थक भूमिका निभा रहा है। आज सरकार स्वयं जनता के गांव और द्वार जाकर उनकी अपेक्षाओं को सुन रही है, समस्याओं का समाधान कर रही है और शासन की योजनाओं का लाभ उनतक पहुंचा रही है। हमारी सरकार, शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना हेतु कटिबद्ध है। इस तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार राज्य में सुशासन की स्थापना को लेकर लगातार काम कर रही है। शासन-प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता आए, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो यही हमारा लक्ष्य है।उन्होंने आगे कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प है, और जनता की समस्याओं का समाधान ही हमारी प्राथमिकता है तथा सुशासन तिहार, जनसमस्याओं के समाधान हेतु भाजपा सरकार की इसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणादायी पहल एवं डबल इंजन सरकार के सतत प्रयासों से आज प्रदेश की माताएं-बहनें आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। किसानों को प्रोत्साहन मिलने से वे कृषि के क्षेत्र में आधुनिकता से जुड़ रहें हैं और आत्मनिर्भर बन रहें हैं, प्रदेश के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर मिल रहें हैं जिससे वे अपने उज्वल भविष्य की ओर निरन्तर अग्रसर हो रहें हैं। छत्तीसगढ़ और हमारा पंडरिया विधानसभा भी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। एक वक्त था जब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में पंडरिया को उपेक्षित रखा गया, लेकिन आज डबल इंजन भाजपा सरकार में हमारा पंडरिया विधानसभा निरंतर समृद्धि की ओर आगे बढ़ रहा है।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे जी, श्रीमती राजकुमारी राजेन्द्र साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमति दुर्गा सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमति नंदनी साहू, जिला मंत्री राघवेंद्र वर्मा जी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेंद्र साहू, सरपंच श्रीमती बीसा बाई नेताम मण्डल अध्यक्ष नरेश साहू, श्रीमती मीना पटेल , श्रीमती संगीता साहू, मंडल महामंत्री दारा सिंह राजपूत, श्री धनराज सिंह परमार , श्री संजय साहू, श्री बसंत बोहरा जी, श्री राजू पारख, जनपद सदस्य अंजनी साहू, मंडल महामंत्री स्वतंत्र तिवारी कृष्णा चंद्राकर , जनपद सदस्य अंजनी साहू , ईश्वरी चेलसे शिवनंदन पाण्डेय , अमृत साहू सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सभी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं सुशासन की भावना को जन-जन तक पहुंचाने हेतु यह अभियान निश्चित रूप से जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

## एक नजर

### जनगणना कार्य कर रहे शासकीय कर्मचारी से मारपीट



**भिलाई, 15 मई (तछसं.)।** भिलाई धमधा क्षेत्र में जनगणना कार्य में लगे शासकीय कर्मचारी से मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है धमधा प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने बताया कि देवांगन पारा निवासी अशोक कुमार देवांगन ने शिकायत दर्ज कराई थी उन्होंने बताया कि पटेल होटल में जनगणना संबंधी कार्य कर रहे थे इसी दौरान आरोपी संतोष पटेल वहां पहुंचा और विवाद करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर आरोपी ने धक्का-मुक्की और मारपीट की धमधा थाने पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 221 और जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 11 के तहत कार्रवाई की है।

### दुकान में आग



**भिलाई, 15 मई (तछसं.)।** भिलाई छावनी चौक स्थित एक दुकान में अचानक आग लग गई दुकान से धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने इसकी सूचना चौक पर तैनात ट्रैफिक पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने में जुट गए समय रहते आग पर काबू पा लेने से बड़ा हादसा टल गया? आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है ।

### स्टील लिमिटेड कंपनी परिसर से सिलिको मैंगनीज चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**भिलाई, 15 मई (तछसं.)।** भिलाई रसमड़ा स्थित रायपुर पावर एंड स्टील लिमिटेड कंपनी परिसर से सिलिको मैंगनीज चोरी करने वाले आरोपी को अंजोरा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि कंपनी के जनरल मैनेजर राधेश्याम पांडे ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सुबह 6 से 8 बजे के बीच कंपनी परिसर से 50 किलो वजन की सिलिको मैंगनीज से भरी एक बोरी चोरी हो गई अंजोरी चौकी मामले में पुलिस ने जांच शुरू करते हुए आरोपी वाहन चालक खिलेन्द्र कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया।

### अंतरविभागीय संगीत प्रतियोगिता 9 जून से

**भिलाई, 15 मई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अंतर-विभागीय संगीत (गायन) प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 13 जून तक सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में हिंदी एवं गैर-हिंदी एकल गायन के पुरुष एवं महिला वर्ग के साथ युगल गायन प्रतियोगिता भी होगी। गैर-हिंदी श्रेणी में छत्तीसगढ़ी, बंगाली, तमिल, तेलुगु, मराठी, पंजाबी सहित विभिन्न भाषाओं में प्रस्तुति दी जा सकेगी। युगल गायन में केवल पति-पत्नी की जोड़ी भाग ले सकेगी, जिसमें कम से कम एक प्रतिभागी बीएसपी कर्मचारी होना आवश्यक है। प्रवेश प्रपत्र 15 मई से सेक्टर-4 स्थित हैंडबॉल अकादमी परिसर में उपलब्ध होंगे, जबकि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गई है।

### स्वास्थ्य विभाग ने किया बेलौदी में 150 घरों का सर्वे

**दुर्ग, 15 मई ।** पाटन विकासखण्ड के ग्राम बेलौदी में उल्टी-दस्त के मरीज प्राप्त होने की सूचना पर डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देश में डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी दुर्ग, डॉ. भुनेश्वर कठौतिया, खंड चिकित्सा अधिकारी, पाटन श्रीमती रितीका सोनवानी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट, दुर्ग, डॉ उमेश मिर्जा, श्री उत्तम मधुकर सुपरवाईजर एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया।

# पेट्रोल पंपों में उमड़ी भीड़, बढ़ती कीमतों से लोगों में चिंता













■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 मई ।** पेट्रोल की बढ़ती कीमतों की आशंका के बीच शहर के पेट्रोल पंपों में कल से ही भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सेक्टर-6 स्थित पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप से लेकर अन्य पम्पों पर आज भी सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। लोगों में इस बात को लेकर चिंता साफ नजर आई कि आने वाले दिनों में पेट्रोल की कीमत और बढ़ सकती हैं या फिर आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। पेट्रोल भरवाने पहुंचे मैत्री कुंज निवासी सेवानिवृत्त बी.आर. भल्ला ने कहा कि लगातार बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम आदमी के घरेलू बजट पर पड़ रहा है। ललिता देशमुख और नीरज देशमुख ने भी कहा कि महंगाई पहले से ही लोगों की परेशानी बढ़ा रही है, ऐसे में पेट्रोल के दाम बढ़ने से खर्च और बढ़ जाएगा।



प्रवीण ने कहा कि रोजमर्रा की जरूरतों के साथ अब वाहन चलाना भी महंगा होता जा रहा है, वहीं शुभ्रा ने कहा कि पेट्रोल के बढ़ते दामों से परिवार का मासिक बजट प्रभावित होगा। राहुल ने बताया कि उन्हें प्रतिदिन ऑफिस आने-जाने के लिए वाहन का उपयोग करना पड़ता है, इसलिए पेट्रोल भरवाना उनकी मजबूरी है। नीलम सिन्हा ने भी सरकार से पेट्रोल की कीमतों में कमी करने की मांग की। शहर में पेट्रोल पंपों पर बढ़ती भीड़ और लोगों की चिंता यह दर्शा रही है कि बढ़ती महंगाई का असर अब आम जनजीवन पर साफ दिखाई देने लगा है।

### पेट्रोल की कमी नहीं, अफवाहों से बढ़ रही भीड़



मिश्रा मिश्रा इस संबंध में महामाया फ्यूल्स रिसाली के संचालक एस.बी. मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल की आपूर्ति में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका और संभावित कमी के डर से लोग सामान्य से अधिक मात्रा में पेट्रोल भरवा रहे हैं। इसी कारण कई पेट्रोल पंप जल्दी खाली दिखाई दे रहे हैं। एस.बी. मिश्रा ने कहा कि लगातार टैंकर पहुंच रहे हैं और पेट्रोल की सप्लाई नियमित रूप से जारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही पेट्रोल भरवाएं, ताकि अनावश्यक भीड़ और पैनिक की स्थिति न बने।

उन्होंने यह भी कहा कि जनता के अत्यधिक मात्रा में पेट्रोल भरवाने के कारण पंपों पर दबाव बढ़ रहा है, जबकि सप्लाई व्यवस्था सामान्य बनी हुई है।



## सीबीएसई 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का बीएसपी ने किया सम्मान

**भिलाई, 15 मई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह इस्पात भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने मेधावी छात्र आयुष प्रिया एवं छात्रा अर्पिता यादव को सम्मानित किया। डीपीएस भिलाई के छात्र आयुष प्रिया ने 99.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दुर्ग जिले में पहला स्थान हासिल किया, जबकि सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 की छात्रा अर्पिता यादव ने 97.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर शहर में तीसरा स्थान प्राप्त किया।



## प्राइम रेल उत्पादन लक्ष्य पर बीएसपी का फोकस, वर्कशॉप आयोजित

**भिलाई, 15 मई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर-एलएंडडी विभाग द्वारा रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल समूह के लिए परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट वर्कशॉप आयोजित की गई। कार्यशाला में वरिष्ठ अधिकारियों ने परिचालन उत्कृष्टता, तकनीकी सुधार, टीमवर्क और अनुशासित कार्य निष्पादन पर जोर दिया। प्रतिभागियों ने उत्पादन बढ़ाने, संसाधनों के बेहतर उपयोग और परिचालन बाधाओं को कम करने के लिए सुझाव एवं कार्य योजना प्रस्तुत कीं।



## तेलहा नाला सफाई के दौरान फूटी पाइप लाइन

**भिलाई, 15 मई ।** नंदनी रोड स्थित करुणा हॉस्पिटल के पास तेल्हा नाला की सफाई के दौरान पुलिया से सटी पाइपलाइन फूट गई। घटना के बाद क्षेत्र में पानी का तेज बहाव शुरू हो गया।

# लोकांगन परिसर में लगा जनसमस्या निवारण शिविर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 मई ।** सुशासन तिहार के तहत बृहस्पतिवार 14 मई को वार्ड-20 वैशाली नगर स्थित लोकांगन परिसर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान वार्ड क्रमांक 14, 15, 16, 19, 20, 26, 27, 28 एवं 29 के नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं योजनाओं के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में राष्ट्रीय आयुष मिशन, स्वास्थ्य विभाग, एमएमयू चलित स्वास्थ्य शिविर, महिला एवं बाल विकास विभाग, उज्ज्वला योजना, पशुधन विभाग, राशन कार्ड, पेयजल एवं जल कार्य, लोक कर्म विभाग, नामांतरण एवं लीज डीड फ्री-होल्ड, राष्ट्रीय पेंशन योजना, जन स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण विभाग, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग, श्रम विभाग, ई-श्रमिक कार्ड, वन विभाग, पुलिस सहायता केंद्र तथा जनमित्र योजना सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। शिविर में नागरिकों को स्वास्थ्य जांच, दस्तावेज संबंधी मार्गदर्शन, योजनाओं की जानकारी तथा आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्रदान की गई। निगम प्रशासन ने अधिक से अधिक नागरिकों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने एवं अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ऐसे शिविरों में भाग लेने की अपील की।

### बारिश से पहले शहर के सभी नालों की सफाई का अभियान शुरू

**दुर्ग, 15 मई।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में बारिश के पूर्व जलभराव एवं गंदगी की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से नालों की व्यापक सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। इसी कड़ी में टेंडर निविदा प्रक्रिया के तहत गिरधारी नगर नाला की सफाई कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। सफाई कार्य के लिए विशेष गैंग लगाकर मशीन एवं श्रमिकों के माध्यम से नाले की सफाई शुरू कराई गई। दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता एवं नियमित मॉनिटरिंग बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाले में जमा गाद, कचरा एवं अवरोधों को शीघ्र हटाकर पानी निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## जनसमस्या निवारण शिविर में 136 आवेदनों का मौके पर निराकरण

**दुर्ग, 15 मई ।** सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र के ग्राम मर्रा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित कुल 786 आवेदन प्रस्तुत किए। विभागीय अधिकारियों द्वारा 136 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, शेष आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में पूरी की जाएगी।

शिविर में दैमार, सेलूद, गाड़ाडीह, बठेनी, धौराभांठा, मर्रा, गुजरा, फेकारी, मटंग, पंदर, परसाही, सांतरा, सेमरी एवं द. मोखली के ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में पहुंचकर आवेदन जमा किए और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री बजरंग दुबे ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सभी विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं ।

शिविर में जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया। लखपति दीदी योजना अंतर्गत भारती वर्मा, पुष्पा पाटिल, दानेश्वरी वर्मा, प्रीति यादव एवं मंजू वर्मा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 6 हितग्राही अवध निर्मलकर, रत्ना मानिकपुरी, किसन यादव, धर्मिन बाई, रामकुमार साहू एवं सावित्री राजपूत को आवास की चाबी सौंपी गई। खाद्य विभाग द्वारा 9 हितग्राही योगिता वर्मा, खिलेश्वरी, तामेश्वरी, पूजा, आत्माराम बारले, रानी गायकवाड़, रमा बाई वर्मा, रत्ना कावडे एवं राजकुमारी को राशन कार्ड वितरित किए गए।स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं कविता वर्मा, चित्रा महिलांगे, गीता पटेल एवं कल्याणी बघेल को मच्छरदानी प्रदान की गई। स्वच्छताग्राही दीदियों एवं ग्राम पंचायत मटंग में नए शौचालय निर्माण कराने वाले 5 हितग्राही पुष्पा मधुकर, रमेश कुमार, रश्मि ठाकुर, अनिता वैष्णव एवं डाली यादव को सम्मान पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा 10 हितग्राही स्वामित्व योजना के तहत अधिकार पत्र तथा 2 हितग्राहियों को लर्निंग लाइसेंस वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीलम चंद्राकर, भूषण भारद्वाज, सरपंच श्रीमती गायत्री साहू, एसडीएम लवकेश ध्रुव, जनपद पंचायत पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जागेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# साइकिल से निरीक्षण पर निकले आयुक्त, खेल मैदानों और उद्यानों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 मई ।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने पार्षद विनोद सिंह के साथ जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का साइकिल से प्रातः निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईटीआई ग्राउंड, श्रीराम वाटिका एवं खुर्सीपार खेल मैदान का जायजा लेकर व्यवस्था का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने आईटीआई ग्राउंड में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को जलभराव की समस्या को ध्यान में रखते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही खेल मैदानों में व्यक्तिगत कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर सफाई शुल्क एवं किराया लेने के निर्देश भी दिए, ताकि मैदानों के रखरखाव एवं व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। आयुक्त ने उद्यानों की साफ-सफाई, रखरखाव और नागरिक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग कर व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। इस दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को भी साइकिल से प्रातः भ्रमण करने की सलाह देते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का बेहतर आकलन किया जा सकता है तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। उन्होंने नागरिकों से प्रतिदिन साइकिल के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि इससे ट्रैफिक नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य लाभ और आर्थिक बचत जैसे कई फायदे मिलते हैं। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, अतुल यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एक नजर**

## असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस चौकी सुरगी की कार्रवाई



**राजनांदगांव 15 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में जिले में अपराध की रोकथाम, नियंत्रण तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम भंवरमरा निवासी एक बुजुर्ग द्वारा पुलिस चौकी सुरगी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि ग्राम का कन्हैया उर्फ भुरू साहू द्वारा बार-बार वाद-विवाद एवं झगड़ा किया जाता है। साथ ही अविनाश सोनी द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई में शासन का सहयोग करने वाले ग्रामीणों से भी वाद-विवाद एवं मारपीट की जा रही है। दिनांक घटना को भी आरोपियों द्वारा विवाद कर शांति भंग की स्थिति उत्पन्न की गई। प्राप्त शिकायत पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर जांच एवं पूछताछ की गई। जांच में पाया गया कि आरोपी कन्हैया उर्फ भुरू साहू एवं अविनाश सोनी द्वारा ग्रामीणों से विवाद कर कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने की स्थिति उत्पन्न की जा रही थी, जिससे संज्ञेय अपराध घटित होने की प्रबल संभावना थी। दोनों निवासी ग्राम भंवरमरा, पुलिस चौकी सुरगी, थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) को धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर धारा 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगाशा तैयार कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने पर दोनों आरोपियों को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल कराया गया। पुलिस द्वारा भविष्य में भी कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त एवं वैधानिक कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी।

## राजस्थान के अंतरराज्यीय शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश



**राजनांदगांव 15 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन की अपराध मुक्त नीति के तहत अंकिता शर्मा के निर्देशन में राजनांदगांव पुलिस द्वारा शहर में हुई चार बड़ी चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए राजस्थान के एक अंतरराज्यीय शातिर चोरी गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रात्रि के समय दुकानों की छत के रास्ते अंदर प्रवेश कर गल्ले से नगदी एवं कीमती सामान चोरी किए जाने संबंधी शिकायतों पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 456/25, 478/25, 532/25 एवं 537/25 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अलेक्जेंडर किरों, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस एवं साइबर थाना द्वारा विशेष टीम गठित कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, टावर डंप एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के एक शातिर गिरोह की संलिप्तता सामने आई। राजनांदगांव पुलिस टीम द्वारा राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में दबिश देकर मुख्य आरोपी दिनेश चरपोटा को केंद्रीय जेल बांसवाड़ा से प्रोडक्शन वारंट पर प्राप्त कर राजनांदगांव लाया गया है। मामले में विस्तृत पूछताछ एवं अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# एक सदी से अधिक पुरानी आस्था की अमर गाथा को नया जीवन

- श्री बांके बिहारी सहित 7 विग्रह की हुई स्थापना
- भगवान श्री बांके बिहारी की निकली भव्य शोभायात्रा सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु झूमते नाचते दिखे

**रायपुर, 15 मई।** श्री बांके बिहारी मंदिर, नयापारा, सदर बाजार, रायपुर (छत्तीसगढ़) में आज ऐतिहासिक विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ। प्रातः 8:30 बजे पुराने मंदिर से भगवान श्री बांके बिहारी जी की शोभायात्रा अत्यंत भव्य रूप में निकाली गई। यात्रा एडवर्ड रोड, चिकनी मंदिर, कोतवाली चौक, सदर बाजार होते हुए पेठा लाइन स्थित नवनिर्मित मंदिर पहुंची। प्रतिष्ठित यज्ञाचार्य श्री ओम प्रकाश जोशी जी के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के मध्य





भगवान श्री बांके बिहारी जी, शिव पंचायतन, भवानी शंकर, दुर्गा मैया, बजरंगबली, लक्ष्मी माता एवं अग्रसेन माधवी देवता की मूर्तियों का जलाभिषेक एवं 56 प्रकार के द्रव्यों से अभिषेक किया गया। तत्पश्चात विधिवत प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई और प्रभु ने समस्त भक्तों को दर्शन दिए। हजारों श्रद्धालुओं ने इस पावन अवसर पर मंदिर में उपस्थित होकर भक्ति भाव प्रदर्शित किया।

**मंदिर का पुनर्निर्माण एवं ऐतिहासिक महत्वः** लगभग 157 वर्ष पुराने इस मंदिर की नींव सन 1870 में श्रद्धेय श्री बैजू अग्रवाल जी ने रखी थी। यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि रायपुर की सांस्कृतिक एवं स्वतंत्रता संग्राम की गतिविधियों का केंद्र रहा है। स्वतंत्रता सेनानियों से लेकर प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं निर्माता पृथ्वीराज कपूर जी तक ने यहां दर्शन कर दंडवत प्रणाम किया था। डॉ. अशोक अग्रवाल, ट्रस्ट के अध्यक्ष ने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण राजस्थानी वास्तुकला की शानदार कृति के रूप में किया गया है। भगवान श्री बांके बिहारी जी की 5 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा एवं अन्य देवी-देवताओं की 3 फीट ऊंची प्रतिमाएं मकराना के सफेद मार्बल से जयपुर से बनाकर लाई गई हैं। पिछले दो वर्षों से सैकड़ों मजदूरों ने रात-दिन परिश्रम कर इस भव्य मंदिर के निर्माण कार्य को पूरा किया।

नए मंदिर में श्री बांके बिहारी जी के साथ बजरंगबली, मां दुर्गा, भगवान शिव-पार्वती परिवार, भवानी शंकर, महालक्ष्मी जी एवं आराध्य श्री अग्रसेन जी की मूर्तियां भी स्थापित की गई हैं। प्रतिदिन की पूजा-पाठ मंदिरमें आचार्य श्री नरेंद्र कौशिक जी करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्र मंत्रोच्चार के मध्य प्रतिष्ठित हुई, नेत्रोंनंमिलन के पश्चात श्रृंगार उपरांत भगवान ने दर्शन दिए , हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया। श्री बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट भंडारे का भी आयोजन किया था जिसमें 1000 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया।

सालासर धाम राजस्थान से मंगाए गए स्पेशल लड्डुओं का आज भगवान को भोग लगाया गया , सालासर धाम के लड्डू ड्राई फ्रूट्स एवं फ्ल फ्रूट का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत कलश यात्रा, बेदी पूजा, अधिवास एवं शोभा यात्रा का आयोजन 8 मई 2026 से प्रारंभ हो चुका था। समस्त कार्यक्रम प्रसिद्ध कथावाचक एवं ज्योतिषाचार्य आचार्य श्री ओम प्रकाश जोशी जी के सानिध्य में संपन्न हुए हैं। ट्रस्ट ने सभी श्रद्धालु भक्तों, सज्जनों एवं बांके बिहारी जी के परम प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे डेढ़ सौ से भी अधिक साल की आस्था के प्रतीक इस मंदिर में प्रतिदिन और हर उत्सव में आया करें।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दिए विकास और जनसुविधाओं को लेकर अहम निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार/रायपुर, 15 मई।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), सड़क सुरक्षा समिति तथा जीवनदीप समिति की बैठक लेकर विभिन्न जनहितकारी योजनाओं और विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने भीषण गर्मी को देखते हुए जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि , यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले के किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार जिले में अपेक्षाकृत पेयजल संकट कम है, लेकिन गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने सभी शासकीय भवनों में शत-प्रतिशत रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश देते हुए जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।




उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को भी जल संरक्षण और जल संचयन के महत्व से जोड़ना आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ी प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जिम्मेदार बने।

बैठक के दौरान श्री अग्रवाल ने देश में बढ़ते डायबिटीज के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित शुगर जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार के तहत आयोजित सभी जनसमस्या निवारण शिविरों में भी अनिवार्य शुगर टेस्ट की व्यवस्था करने तथा विशेष रूप से 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और जागरूकता से गंभीर बीमारियों को रोका जा सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

औद्योगिक विकास पर चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिला सीमेंट उद्योगों के लिए देशभर में पहचान रखता है, लेकिन अब एंसीलरी उद्योगों के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीमेंट उद्योगों में उपयोग होने वाले छोटे कलपुर्जों और उपकरणों के निर्माण से जुड़े उद्योग स्थापित होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने और अनुपयोगी खदानों के शीघ्र क्लोजर की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद श्री अग्रवाल ने जिले की सभी आंगनबाड़ियों के लिए स्वयं का भवन सुनिश्चित करने तथा आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने रायपुर जिले के गुढ़ियारी स्थित आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र का उदाहरण देते हुए उससे प्रेरणा लेने की बात कही।

बैठक में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना सहित कुल 67 योजनाओं की समीक्षा की गई।

## प्रदेशभर में शिवसेना का उग्र प्रदर्शन



- सनातन विरोधी बयान पर उधयनिधि स्टालिन का फूंका गया पुतला

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 मई।** शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेशानुसार प्रदेशभर के सभी जिलों में डीएमके नेता उधयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म विरोधी बयान के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। इसी कड़ी में राजनांदगांव जिले में भी शिवसेना द्वारा गुरुनानक चौक में उधयनिधि स्टालिन का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया।

शिवसेना जिलाध्यक्ष आकाश सोनी ने कहा कि सनातन धर्म भारत की आस्था, संस्कृति एवं परंपरा का प्रतीक है। सनातन धर्म के खिलाफलगातार अपमानजनक बयान देकर देश की करोड़ों हिंदू जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, जिसे शिवसेना किसी भी स्थिति में सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज एवं सनातन संस्कृति के विरोध में बोलने वाले नेताओं के खिलाफ पूरे प्रदेश में लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान शिवसैनिकों ने सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान एवं उदयनिधि मारन मुर्दाबाद के नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन के पश्चात उधयनिधि स्टालिन का पुतला दहन कर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। इस अवसर पर किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, शिवसेना प्रदेश सचिव कमल सोनी, जिला महासचिव हरेंद्र मालेकर, राजनांदगांव विधानसभा अध्यक्ष मुकेश साहू, पवन सोनी, नीलकंठ यादव, संजय यादव, शोभा राम साहू, टोमन साहू, दिनु राम यादव, गोविंद साहू, मुन्ना यादव, लोचन देवांगन, लोमेन्द्र निर्मलकर, लक्की साहू सहित शिवसैनिक उपस्थित रहे।

# प्यारेलाल स्कूल में 5 वार्ड के लिए जनसमस्या निवारण शिविर में 126 आवेदन प्राप्त

- शिविर में हितग्राहियों को शासन की योजना से लाभान्वित कर, महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों का हुआ अन्नप्राशन
- वार्ड नं. 14,15 व 24 के लिए स्टेट स्कूल मैदान में शिविर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 मई।** जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हे शासन की योजनाओं का लाभ देने प्रदेश में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत निकाय क्षेत्र में जन समस्या निवारण के लिए वार्डो में शिविर लगाया जा रहा है। आज ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल में वार्ड नं. 16,17,18,19 एवं 23 के लिए शिविर आयोजित किए गए। शिविर में निगम सहित विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया, जहॉ नागरिकों की शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदन लिया गया। शिविर में कुल 126 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मांग के 106 तथा शिकायत के 20 आवेदन आए।

ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल के शिविर में




संबंधित वार्ड के पार्षद में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेताप्रतिपक्ष श्री संतोष पिल्ले, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य श्री राजा माखीजा, पार्षद श्रीमती संगीता देवांगन व श्रीमती रेखा पारख के अलावा कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद श्री संतोष साहू, पार्षद प्रतिनिधि श्री अभय पारख व श्री संतोष निर्मलकर विशेष रूप से उपस्थित होकर वार्डवासियो को अपनी शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदन जमा कर शासन की योजनाओ का लाभ लेने अपील किए। अतिथियों ने विभागीय स्टाल का निरीक्षण कर जानकारी लिए एवं गर्भवती महिलाओ की गोदभराई कर नवजात शिशुओ का अन्नप्राशन कराया। शिविर में आज राष्ट्रीय खेल में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त करने पर खिलाडियो को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 21 हजार रूपये व मेडल दिया गया, जिसे आज के शिविर में खिलाडी शिवम देवांगन, खिलेन्द्र सेन एवं रोहनी यादव को अतिथियो ने वितरित किया। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा श्री दीपेश यादव को छडी वितरण किया गया तथा परिवहन विभाग द्वारा 3 ड्राईविंग लाईसेंस भी वितरित की गयी। शिविर में स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के माध्यम से उपस्थितजनों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। दिनांक 15 मई श्रुक्रवार को वार्ड नं. 14, 15, व 24 के लिए स्टेट स्कूल मैदान में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया है। आज के शिविर में कार्यपालन अभियंता (संविदा) श्री यू.के.रामटेके सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पत्रकार गोविन्द राम बने छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष

**बलौदाबाजार 15 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन की प्रदेश कार्यकारिणी की सहमति से वरिष्ठ एवं निर्भीक पत्रकार गोविन्द राम को जिला बलौदाबाजार का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद जिले के पत्रकारिता जगत में उत्साह और खुशी का माहौल देखा जा रहा है। पत्रकारों, शुभचिंतकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा उन्हें लगातार बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की जा रही हैं। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर दुबे द्वारा की गई। नियुक्ति की घोषणा करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गोविन्द राम अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगे तथा पत्रकार हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान को लेकर मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता है और गोविन्द राम जैसे जुझारू एवं बेबाक पत्रकार संगठन को नई दिशा देने का कार्य करेंगे।



## पीएम मोदी की अपील पर कांग्रेस की नकारात्मक सोच देश हित में नहीं

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की हालिया राष्ट्रहित अपील का समर्थन करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देशहित को सर्वोपरि मानकर जो सोचते हैं वैसी दूरदृष्टि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के नेताओं में दिखाई नहीं देती। हैरी जोसेफ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश और जनता के हित में नए-नए निर्णय और सुझाव लेकर आते हैं लेकिन कांग्रेस उनकी हर सकारात्मक पहल को नकारात्मक राजनीति का विषय बना देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता को भ्रमित करने और राजनीतिक लाभ लेने के लिए प्रधानमंत्री की अपीलों का गलत अर्थ निकाल रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब जागरूक, शिक्षित और समझदार हो चुकी है। यदि कांग्रेस की बातें जनता को प्रभावित करतीं तो आज देशभर में कांग्रेस की सरकारें होतीं। लेकिन लगातार चुनावों में जनता कांग्रेस को नकार रही है जो यह साबित करता है कि जनता राष्ट्रहित और विकास की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। हैरी जोसेफ ने प्रधानमंत्री की हालिया अपील का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचने, पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, घर से



कार्यालय का कार्य करने की व्यवस्था को बढ़ावा देने, खाद्य तेल के सीमित उपयोग, रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व स्तर पर युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं विशेषकर खाड़ी देशों में तनाव की स्थिति के कारण तेल और गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री जी द्वारा देशवासियों से संसाधनों के संयमित उपयोग और आत्मनिर्भरता की दिशा में सहयोग की अपील करना पूरी तरह राष्ट्रहित में है। हैरी जोसेफ ने कहा कि कांग्रेस इस गंभीर विषय को भी राजनीति का माध्यम बना रही है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश पर लंबे समय तक शासन किया लेकिन नकारात्मक सोच और कमजोर नीतियों के कारण देश अपेक्षित गति से विकास नहीं कर पाया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक सम्मान की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## नवीन पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन 21 मई तक

**बलौदाबाजार,15 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत सहकारी समितियों के द्वारा ग्राम पंचायत रसेड़ी में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन किया जाना है। दुकान हेतु लैम्प्स, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति,वन सुरक्षा समिति, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायतों अन्य सहकारी समितियों से 21 मई 2026 तक आवेदन मंगाए गए है। समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) बलौदाबाजार में जमा कर सकते है।

**महा-स्वच्छता अभियान 2026,सफाई अपनाने डोर टू डोर प्रचार**

# स्वच्छता दीदी घर में ही सूखा एवं गीला कचरा अलग करने लोगों को कर रहीं जागरूक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 मई।** छत्तीसगढ शासन द्वारा छत्तीसगढ महा-स्वच्छता अभियान 2026 अंतर्गत स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधिया संचालित करने तथा लोगो को स्वच्छता से जोडने, अभियान चलाने के निर्देश प्राप्त हुए है। निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में साफसफाई में जोर देकर गुणात्मक सुधार लाने साफसफाई के अलावा डोर टू डोर कचरा संग्रहण के तहत स्वच्छता दीदीया अलग अलग डस्टबिनो में कचरा पृथककरण करने व स्वच्छता के लिये जन जागरूकता अभियान चला रहे है।

स्वच्छता अभियान अंतर्गत नागरिको को स्वच्छता से जोडने की कडी में 3 मई को आयोजित मस्ती की पाठशाला में बडी संख्या में उपस्थित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो को महापौर श्री यादव ने स्वच्छता अपनाने, घर के आस पास साफसफाई रखने, गीला सुखा कचरा अलग अलग रखने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने के संबंध में शपथ दिलाई। साथ ही 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महापौर ने महिलाओ से स्वच्छता से जुडने घर में ही गीला सुखा कचरा अलग अलग कर स्वच्छता दीदीयो को देने अपील किए। वही महापौर एवं आयुक्त के द्वारा समय समय पर वार्ड विजीट के माध्यम से सफाई में गुणात्मक सुधार लाने, सफाई कर्मियो को निर्देशित करने के अलावा नागरिको को स्वच्छता से जुडने समझाईस दे रहे है।



स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत वार्डो में घर घर डस्टबिन का वितरण किया जा रहा है। साथ ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण के तहत स्वच्छता दीदीया अलग अलग डस्टबिनो में कचरा पृथककरण करने व स्वच्छता के लिये जन जागरूकता अभियान चला रहे है। उनके द्वारा समझाईस दी जा रही है कि हरा गीला एवं सुखा नीला डिस्टबिन में रखने शहरवासियों को आदत डालनी पडेंगी। इससे एक तरह से जहॉ शहर से निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन होगा। वही वेस्ट से वेल्थ की ओर बढने पर निगम की आय में वृद्धि होगी। इसके अलावा स्वच्छता दीदीया व एसएलआरएम सेन्टर के सुपरवाईजर सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने एवं गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग रखने, व्यवाहर में परिवर्तन लाने अभियान चला रहे है। स्वच्छता दीदीयों द्वारा हरा एवं नीला डस्टबिन में क्या क्या कचरा रखना है, इसकी जानकारी देने के साथ साथ घर में ही याने स्त्रोत पर ही कचरे का पृथककरण करने जानकारी दे रही है।

निगम का मूल उद्‌देश्य स्वच्छता एवं कचरा पृथककरण से लोगो को जोडना है। ताकि हमारे शहर में स्वच्छ एवं साफ वातावरण निर्मित हो सके। स्वच्छता अभियान बिना जनभागीदारी के सफल नही होगा। इसमें शहर के सभी नागरिकों को जुडना है, तभी हम स्वच्छता में उच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। स्वच्छता की कडी में सिंगल यूज प्लास्टिक पर निगम का स्वास्थ्य अमला लगातार कार्यवाही कर रही है। हमारे सफाई कर्मी एवं स्वच्छता दीदीया सिंगल यूज प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल, पानी पाउच आदि का उपयोग नहीं कर पर्यावरण संरक्षण के लिये सहयोग करने, साफ सफाई रखने, सडक पर मलमा नहीं रखने,अतिक्रमण हटाने, मवेशी बांध कर रखने नागरिकों को समझाईस दे रहे है। इसके अलावा निगम द्वारा स्वच्छता के लिये विभिन्न कार्य किए जा रहे है, जैसे सार्वजनिक व धार्मिक स्थलो, उद्यानों व तालाबो की सफाई, बारिश के पूर्व बड़े नालो की सफाई, मुक्कड हटाने की कार्यवाही की जा रही है तथा चौक चौराहो व दीवालो में पेंटिंग कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

## केरल में सतीशन सीएम मतलब परिवार की नहीं चली

कांग्रेस की राजनीति परंपरा में परिवार की इच्छा अब तक अंतिम मानी जाती रही है। परिवार की इच्छा पूरा करना कांग्रेस नेताओं का पहला और अंतिम काम हुआ करता था।परिवार ने जिस नेता के सर पर हाथ रख दिया उसका सीएम बनना तय माना जाता था। छत्तीसगढ़ में यही हुआ, राजस्थान में यही हुआ,मप्र में यही हुआ। पंजाब मे यही हुआ।हिमाचल में यही हुआ।कर्नाटक में यही हुआ।इससे परिवार तो मजबूत हुआ लेकिन कांग्रेस इन तमाम राज्यों में आपसी गुटबाजी,कलह के चलते कमजोर हुई और कई राज्यों चुनाव हार चुकी है।इससे कांग्रेस के जमीनी नेताओं को ऐसा लगा कि उनका कांग्रेस में कोई महत्व नहीं है और कई जमीनी नेता कांग्रेस छोड़कर चले गए, इससे भी कांग्रेस कमजोर हुई है।केरल में पहली बार ऐसा हुआ है कि परिवार को जमीनी नेता के महत्व देना पड़ा है। पहली बार किसी राज्य में परिवार की नहीं चली है। केरल में एक चुनाव हारने के बाद कांग्रेस इस बार चुनाव जीती है.यानी जनता ने दस साल बात कांग्रेस को चुनाव जिताया है तो उसका बड़ा कारण यहा के नए नेता सतीशन माने जाते हैं कि। उन्होंने हारने के बाद कांग्रेस को जमीन स्तर पर मजबूत किया। गठबंधन के दल सहित कांग्रेस के सभी नेताओं को साथ लेकर कांग्रेस को वामपंथी दलों का बेहतर विकल्प बनाया।वामपंथी सरकार के खिलाफ आक्रामक रहे और जनता को बताया कि यह सरकार भ्रष्ट है। चुनाव में जनता ने वामपंथी सरकार को हराकर कांग्रेस के गठबंधन को मौका दिया तो कांग्रेस के गुटबाज नेता सीएम पद के दावेदार के रूप में सामने आ गए और दस दिनों तक वही होता रहा जो होता आया है।परिवार के करीबी नेता चाहते थे कि परिवार उनको सीएम बनाए। परिवार भी किसी राज्य में कांग्रेस के चुनाव जीतने पर अपने प्रति वफादार लोगों को ही सबसे पहले मौका देता रहा है। परिवार को कोशिश थी कांग्रेस गठबंधन ने चुनाव जीता है तो उनका वफादार ही सीएम बने।दिल्ली में उनके वफादार केसी वेणुगोपाल को भी लगा कि यह अच्छा मौका है केरल का सीएम बनने का।इसलिए उन्होंने परिवार की मर्जी के नाम पर खुद को दौड़ में सबसे आगे व मजबूत दावेदार बताने का प्रयास किया। हवा बनाई गई कि ज्यादातर विधायक उनके सीएम बनने के पक्षधर है।परिवार ने कोशिश की दस दिन की वेणुगोपाल के नाम पर सहमति बन जाए लेकिन चुनाव जिताने वाले सतीशन आखिरी तक नहीं माने और उनके साथ के विधायक व गठबंधन भी उनके पक्ष मे था इसलिए आखिरी में परिवार को सतीशन को सीएम घोषित करना पड़ा।परिवार चेनीथल्ला को मनाने में सफल हो गया था लेकिन सतीशन जानते थे कि वह जरा भी कमजोर पड़े तो वह पीछे कर दिए जाएंगे यानी छत्तीसगढ़ के सिंहदेव और कर्नाटक के शिवकुमार बना दिए जाएंगे। वह पूरी ताकत से अड़े रहे कि वही सीएम बनेंगे इससे कम कुछ भी उनको मंजूर नहीं और परिवार को मानना पड़ा। परिवार वेणुगोपाल को चाहकर भी सीएम नहीं बना सका। परिवार को केरल की जमीनी हकीकत को स्वीकार करना पड़ा और कर्नाटक का उदाहरण परिवार के सामने है.जहां पिछले कई बरसों से ढाई ढाई साल सीएम पद को लेकर जोरआजमाइश चली आ रही है।परिवार को मानना पड़ा कि अगर वह केरल में वेणुगोपाल को दिल्ली से थोपते है तो केरल मे कांग्रेस को वही हाल होना है जो कर्नाटक में है।केरल में भी कांग्रेस को वही हाल होता जो छत्तीसगढ़,मप्र,राजस्थान में हुआ। एक चुनाव जीतने के बाद आपसी कलह के चलते कांग्रेस दूसरा चुनाव जीत नहीं पाई। केरल में परिवार को कांग्रेस के वफादार और राज्य की जमीनी हकीकत मे से किसी एक को चुनना था और परिवार को वही करना पड़ा है जिससे केरल में कांगेस मजबूत हो सके और अगला चुनाव फिर से जीत सके।बरसों बाद किसी राज्य में कोई सीएम बना है तो परिवार की पसंद का नहीं है। पहले इसकी कल्पना नहीं करता था कोई कि जो परिवार की पसंद का नहीं है वह सीएम बन सकता है लेकिन चुनाव जिताने में परिवार की भूमिका कम होते जाने से आज कांग्रेस में परिवार को स्वीकार करना पड़ रहा है कि उनकी मर्जी थोपी गई तो राज्यों मे कांग्रेस कमजोर हो सकती है इसलिए राज्य के नेता व गठबंधन जो चाहते हैं वही करना ठीक है और परिवार की मजबूरी है।पहली बार परिवार को यह बात समझ में आई है कि उनका सामान उठाने वाला परिवार के लिए तो ठीक हो सकता है लेकिन राज्य के कांग्रेस के ठीक नहीं हो सकता। पहली लड़ाई को सतीशन ने जीती है, आगे क्या होता है यह देखने योग्य होगा।

**समसामयिक**

# दवा नहीं, जहर का कारोबार: भारत की साख पर संकट

**ललित गर्ग**



पिछले दिनों सामने आई खबरों ने पूरे देश को चिंता और बेचैनी में डाल दिया कि जीवनरक्षक और सामान्य उपयोग की अनेक दवाइयां गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरीं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा जारी ड्रग अलर्ट में जिन दवाओं के नमूने फेल पाए गए, उनमें हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मिर्गी, संक्रमण, विटामिन सप्लीमेंट और कफ सिरप जैसी आम उपयोग की दवाएं भी शामिल थीं। यह कोई सामान्य प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि मानव जीवन के साथ किया जा रहा ऐसा खतरनाक खिलवाड़ है, जिसने देश की स्वास्थ्य सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जिस दवा को रोगी जीवन बचाने की आशा में खरीदता है, वही यदि उसके शरीर में जहर का काम करने लगे तो यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के पतन की पराकाष्ठा है। विडंबना यह है कि दवाओं के निर्माण और वितरण के लिए देश में कठोर नियम, निरीक्षण और परीक्षण की व्यवस्थाएं मौजूद हैं। कच्चे माल की गुणवत्ता से लेकर उत्पादन प्रक्रिया तक कई स्तरों पर जांच होती है, फिर भी बड़ी-बड़ी नामी कंपनियों की दवाइयां यदि अमानक पाई जाती हैं तो यह साफ संकेत है कि कहीं-न-कहीं मुनाफे की अंधी दौड़ ने नैतिकता और मानवता को कुचल दिया है। यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध अपराध है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जिन लोगों पर समाज की जिंदगी बचाने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ के लिए लोगों की जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं।

भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी दवा उत्पादन शक्तियों में शामिल है। भारतीय दवाइयां अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, एशिया और मध्य-पूर्व के अनेक देशों में निर्यात होती हैं। भारत को "फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड" कहा जाता है क्योंकि सस्ती और प्रभावी दवाओं की आपूर्ति में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने वैक्सीन और आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति कर पूरी दुनिया में अपनी विश्वसनीयता और मानवीय प्रतिबद्धता का परिचय दिया था। जिन राज्यों में उत्पादित घटिया दवाओं का खुलासा हुआ, उनमें हिमाचल प्रदेश पहले पायदान पर रहा, फिर उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल, पुडुचेरी, तेलंगाना, सिक्किम, झारखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि राज्य शामिल हैं। यानी एक-दो राज्य नहीं, तमाम राज्यों के दवा उत्पादक इस अपवित्र कर्म में शामिल हैं। यूं कहें कि दाल में काला नहीं है बल्कि पूरी दाल काली है। विडंबना देखिए कि कफ सिरप के 17 नमूने फेल हुए हैं। अब यह साफ हो गया कि अफ्रीका व सेंट्रल एशिया के कुछ देशों तथा भारत के कुछ राज्यों में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के जो आरोप भारतीय दवा कंपनियों पर लगे थे, वे गलत नहीं थे, जिससे पूरी दुनिया में भारतीय दवा उद्योग की छवि खराब हुई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की प्रतिष्ठा को धक्का लगता है और दुनिया भारतीय दवा उद्योग को संदेह की दृष्टि से देखने लगती है। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आ रही है जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत का सपना साकार करने की दिशा में अनेक नए आयाम स्थापित कर रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर



अग्रसर है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों के माध्यम से देश वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि नैतिकता, गुणवत्ता और विश्वसनीयता से भी जुड़ा हुआ है।

यदि जीवनरक्षक दवाओं में ही मिलावट और घटियापन सामने आएगा, तो यह सारे सकारात्मक प्रयासों पर धब्बा लगाने जैसा होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार दवा नियंत्रण व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाए। केवल औपचारिक निरीक्षण और समय-समय पर जारी होने वाले ड्रग अलर्ट पर्याप्त नहीं हैं। दवा निर्माण इकाइयों की नियमित और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। जिन कंपनियों की दवाएं बार-बार मानकों पर फेल होती हैं, उनके लाइसेंस तुरंत रद्द किए जाएं और उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो। दवा माफिया और नकली दवा बनाने वाले गिरोहों के खिलाफ विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए। यह भी जरूरी है कि दोषियों को केवल आर्थिक जुर्माने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें कठोर कारावास की सजा दी जाए ताकि दूसरों के लिए भी कड़ा संदेश जाए। यह भी एक गंभीर चिंता का विषय है कि कई बार राज्य सरकारें और नियामक एजेंसियां प्रभावशाली दवा कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने से बचती दिखाई देती हैं। धनबल और प्रभाव के कारण जांच प्रक्रियाएं धीमी पड़ जाती हैं और अंततः आम जनता ही इसकी कीमत चुकाती है। यह स्थिति लोकतांत्रिक शासन और प्रशासनिक जवाबदेही दोनों के लिए खतरनाक है।

रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन-रक्षा नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह-तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। दवा उद्योग केवल व्यापार नहीं है, यह विश्वास का उद्योग है। यहां नैतिकता का महत्व सबसे अधिक होना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से आज लालच और मुनाफाखोरी ने इस क्षेत्र में भी गहरी जड़ें जमा ली हैं। नकली इंजेक्शन, मिलावटी दवाएं, एक्सपायरी दवाओं की री-पैकेजिंग और घटिया कच्चे माल के उपयोग जैसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि समाज में संवेदनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इंसान केवल अपने लाभ के लिए दूसरों की जिंदगी से खेलने को तैयार हो गया है। यह केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक पतन का भी संकेत है। आवश्यकता इस बात की भी है कि आम जनता को दवाओं के प्रति जागरूक बनाया जाए। दवा खरीदते समय बिल लेना, पैकेजिंग और निर्माण तिथि की जांच करना, संदिग्ध दवाओं की शिकायत संबंधित विभागों को करना और बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाओं का सेवन न करना, ये सब छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कदम हैं। मेडिकल स्टोरों की भी नियमित निगरानी होनी चाहिए ताकि नकली या घटिया दवाओं की बिक्री रोकी जा सके।

दवाओं की गुणवत्ता से खिलवाड़ दवा निर्माता कम्पनियों का एक घिनौना, क्रूर एवं अमानवीय चेहरा ही है जो मनुष्य के स्वास्थ्य को चैपट कर रहे हैं। एक तो बीमारियों का कोई कारगर इलाज नहीं है, दूसरा इन बीमारी में काम आने वाली तमाम जरूरी दवाइयां लालची लोगों ने अमानक एवं दोषपूर्ण कर दी हैं। बढ़ती बीमारियां इन राक्षसों के कारण ही बेकाबू हो रही है। सरकारें इन त्रासद स्थितियों एवं बीमारी पर नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हुई है। देश के लाखों लोग कातर निगाहों से शासन-प्रशासन की ओर देख रहे हैं कि कोई तो राह निकले। भारत आज एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर देश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, दूसरी ओर ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण घटनाएं हमारी नैतिक और प्रशासनिक कमजोरी को उजागर कर रही हैं। यदि हम सचमुच विकसित और विश्वसनीय भारत बनाना चाहते हैं, तो हमें केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि गुणवत्ता, ईमानदारी और मानवीय मूल्यों को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। जीवनरक्षक दवाओं में मिलावट केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा पर लगा कलंक है। यह समय आत्ममंथन का है। सरकार, दवा उद्योग, चिकित्सा जगत और समाज-सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि दवा जीवन बचाने का माध्यम बने, मौत का व्यापार नहीं। तभी विकसित भारत का सपना वास्तविक अर्थों में सार्थक हो सकेगा।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से संबंधित शुभ समाचार मिलेगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है, जीवनसाथी आपके कार्यों में सहयोग करेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज आपके पारिवारिक रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। सभी लोग हंसी-खुशी रहेंगे। बीते दिनों में जितना धन इन्वेस्ट किया था, उसका फायदा आपको आज मिल सकता है। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।

मिथुन राशिः आज आपका दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। इस राशि के छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। इस राशि के अकाउंटेंट के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगे और बात भी मानेंगे। आज किसी को मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाये। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते हैं लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से आज आपको बचना चाहिए। टूर ट्रैवल्स से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज अपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में आप कुछ बदलाव करेंगे, ये बदलाव आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज स्टूडेंट्स को कुछ नया सीखने को मिल सकता है। आज फैमिली वालों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। नव विवाहित दंपति आज एक दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुंचे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आज आपको सोच- समझकर लेने चाहिए।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर राशिः आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वाले आज आपको अच्छी राय देंगे। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से पूरा करेंगे, जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज वर्कप्लेस पर सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। आज बिजनेस की प्रगति के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे।

मीन राशिःआज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। कार्यस्थल पर अच्छे प्रदर्शन को दोहराने के लिए एकाग्रता बनाएं रखनी होगी। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, व्यापारिक योजनाओं को लेकर थोड़ी सतर्कता बरते। आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लग सकता है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। आज हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

**व्यंग्य**

## पछतावा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

शहर के सबसे बड़े मल्टी-स्पेशालिटी अस्पताल के आईसीयू वार्ड के बाहर वेटिंग एरिया में एक अजीब सी गंध थी फिनाइल और मरती हुई उम्मीदों का कॉकटेल। सुमित वहां इस तरह बैठा था जैसे किसी पुराने कबाड़खाने में कोई टूटी हुई कुर्सी फेंक दी गई हो। तभी वहां 'वह' आई। अवनि। उसके चेहरे पर महंगे मॉइस्चराइजर की चमक थी और हाथ में लेटेस्ट आईफोन, जिसका कैमरा शायद सुमित की बदहाली को भी 4K में कैद कर सकता था।

"सुमित! अंकल की हालत कैसी है? मुझे अभी पता चला तो रहा नहीं गया। तुम्हें तो पता है न, मेरा दिल कितना कमज़ोर है," अवनि ने इस अंदाज़ में कहा जैसे वह शोक सभा में नहीं, किसी अवॉर्ड फंक्शन में गेस्ट अपीयरेंस देने आई हो।



सुमित ने सूजी हुई आँखों से उसे देखा। "दिल कमज़ोर है या याददाश्त अवनि? खैर, पिता जी वेंटिलेटर पर हैं। डॉक्टर कह रहे हैं कि सांसे उधार की हैं और किश्तें बहुत भारी हैं। बिल्कुल तुम्हारी उन वादों की तरह, जो तुमने पांच साल पहले किए थे।"

अवनि ने एक बनावटी ठंडी आह भरी। "तुम आज भी वही पुरानी बातें लेकर बैठे हो। देखो, मैंने अरेंज करवाया है। शहर के सबसे बड़े हार्ट सर्जन कल उन्हें देखेंगे। मैंने अपनी जान-पहचान लगा दी है। आखिर इंसानियत भी कोई चीज़ होती है।"सुमित की हंसी एक कराह बनकर निकली। "इंसानियत? गज़ब का शब्द चुना है। जिस 'इंसानियत' की कोचिंग तुम मुझे मुफ़्त में दे रही हो, उसे निभाने के चक्कर में पिता जी ने अपनी ज़िंदगी की जमापूंजी उस घर में लगा दी थी, जिसे तुमने 'मिडिल क्लास स्मेल' कहकर छोड़ दिया था। आज वह अस्पताल के बेड पर लेटे हैं और तुम अपनी 'कांटेक्ट लिस्ट' का झुनझुना बजा रही हो?"अवनि ने चिढ़कर अपना पर्स सँभाला। "मैं यहाँ मदद करने आई हूँ सुमित, ताने सुनने नहीं। यह लो चेक। इसमें इतनी रकम है कि तुम्हारे पिता जी के फेफड़े फिर से नाचने लगेंगे। मुझे अहसान के बोझ तले दबकर जीना पसंद नहीं।"

सुमित ने चेक हाथ में लिया। उसकी उंगलियां कांप नहीं रही थीं, बल्कि जम गई थीं। "अहसान? अवनि, अहसान तो उन यादों का है जो अब बाज़ार में कौड़ियों के भाव बिकती हैं। तुम चेक नहीं, अपने पछतावे की किश्त जमा करने आई हो। तुम्हें डर है कि अगर वह मर गए, तो तुम्हारी सफलता के महल की नींव में एक लाश का शोर सुनाई देगा।"उसने चेक के दो टुकड़े किए और उन्हें पास के कचरे के डिब्बे में डाल दिया, जहाँ इस्तेमाल की हुई रुई और खून से सने पट्टियाँ पड़ी थीं।

"यह क्या पागलपन है?" अवनि चिल्लाई।

"पागलपन नहीं, हिसाब है," सुमित ने शांत स्वर में कहा, जिसमें चीख से ज़्यादा पैनापन था। "जिस पिता ने अपनी दवाइयों के पैसे बचाकर तुम्हें जन्मदिन पर वह हार दिलाया था जिसे पहनकर तुम आज किसी और की बाहों में मुस्कुराती हो, उनकी कीमत तुम्हारा यह कागज़ का टुकड़ा नहीं चुका सकता। जाओ अवनि, अपनी इस चेरिटी से किसी और का ज़मीर खरीद लेना। यहाँ तो अब सिर्फ़ मौत का इंतज़ार है, और वह तुम्हारी तरह अपॉइंटमेंट लेकर नहीं आती।"अवनि के चेहरे का मेकअप पसीने के साथ बहने लगा। उसे पहली बार महसूस हुआ कि कुछ चीजें इतनी महंगी होती हैं कि उन्हें अमीर लोग कभी नहीं खरीद सकते।

सुमित फिर से उसी टूटी हुई कुर्सी पर बैठ गया। अस्पताल के गलियारे में एक लाइट बार-बार झपक रही थी—बिल्कुल सुमित की ज़िंदगी की तरह। अवनि वहां से भागी, मानो उस बदबूदार वेटिंग एरिया में उसे अपनी ही रूह की सड़ांध आने लगी हो। पीछे सुमित की आँखों से एक आंसू गिरा, जो शायद उस चेक की पूरी रकम से ज़्यादा कीमती था, पर उसे पोंछने के लिए अब कोई सक्सेसफुल हाथ वहां नहीं था।

# दिल्ली दरबार पर भारी पड़ा जमीनी नेता
# केरल में सतीशन क्यों बने कांग्रेस का चेहरा

**अजय कुमार,**



केरल की राजनीति में इस बार सिर्फ सरकार नहीं बदली, कांग्रेस की अंदरूनी ताकत का नक्शा भी बदल गया। दस वर्षों बाद सत्ता में लौटी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार ने जब वीडी सतीशन को मुख्यमंत्री चुना तो यह फैसला केवल एक व्यक्ति को कुर्सी सौंपने का नहीं था, बल्कि कांग्रेस के भविष्य की राजनीतिक दिशा तय करने वाला कदम बन गया। चुनाव नतीजे आने के बाद लगभग दस दिनों तक दिल्ली से तिरुवनंतपुरम तक जिस तरह की खींचतान चली, उसने साफ कर दिया था कि यह लड़ाई सिर्फ मुख्यमंत्री पद की नहीं, बल्कि कांग्रेस में 'दिल्ली मॉडल बनाम जमीनी मॉडल' की थी। आखिरकार पार्टी ने संगठन महासचिव और राहुल गांधी के सबसे करीबी नेताओं में गिने जाने वाले केसी वेणुगोपाल के बजाय उस नेता पर भरोसा जताया, जिसने पांच वर्षों तक विपक्ष में रहकर कांग्रेस को दोबारा खड़ा किया। 2026 के विधानसभा चुनाव में 140 सदस्यीय विधानसभा में यूडीएफ ने 102 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। कांग्रेस ने अकेले 63 सीटें हासिल कीं, जबकि उसकी सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने 22 सीटें जीतीं। एलडीएफ गठबंधन 35 सीटों पर सिमट गया। 2021 में कांग्रेस नीत यूडीएफ को सिर्फ 41 सीटें मिली थीं और एलडीएफ 99 सीटों के साथ सत्ता में लौटा था। यानी पांच वर्षों में कांग्रेस ने 22 सीटों की सीधी बढ़त दर्ज की, जबकि वाम मोर्चा 64 सीटें खो बैठा। यही आंकड़े बताते हैं कि यह जीत किसी सामान्य सत्ता विरोधी लहर का परिणाम नहीं थी, बल्कि विपक्ष के नेता के रूप में वीडी सतीशन की बनाई राजनीतिक रणनीति का असर थी। दरअसल, 2021 की हार कांग्रेस के लिए केवल चुनावी पराजय नहीं थी, बल्कि संगठनात्मक संकट भी थी। पार्टी के भीतर वर्षों से चल रही 'ए ग्रुप' और 'आई ग्रुप' की राजनीति ने कार्यकर्ताओं को थका दिया था। ओमन चांडी और के. करुणाकरण के दौर से चली आ रही गुटबाजी ने कांग्रेस को जनता से दूर कर दिया था। ऐसे समय में राहुल गांधी ने रमेश चेन्निथला की जगह वीडी सतीशन को विपक्ष का नेता बनाया। उस समय यह फैसला जोखिम भरा माना गया, क्योंकि सतीशन के पास न दिल्ली की लॉबी थी और न ही संगठन पर वैसी पकड़, जैसी केसी वेणुगोपाल के पास मानी जाती थी। लेकिन पांच साल बाद वही फैसला कांग्रेस के पुनर्जीवन की सबसे बड़ी वजह बन गया। सतीशन ने विपक्ष का नेता बनने के बाद सबसे पहले कांग्रेस की चुनावी राजनीति की शैली बदली। उन्होंने साफ कहा कि टिकट वितरण में गुटीय वफादारी नहीं, बल्कि जीतने की क्षमता देखी जाएगी। इसका असर स्थानीय निकाय चुनावों में दिखाई दिया। दिसंबर 2025 में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में यूडीएफ ने 941 पंचायतों में से 505 पर जीत हासिल की। 87 नगरपालिकाओं में से 54 यूडीएफ के खाते में गईं। 14 जिला पंचायतों में से 7 पर कब्जा हुआ, जबकि 6 में से 4 नगर निगमों में कांग्रेस गठबंधन को सफलता मिली। इन नतीजों ने पहली बार यह संकेत दिया कि एलडीएफ की पकड़ कमजोर हो रही है और कांग्रेस सत्ता में वापसी कर सकती है।

सतीशन की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत उनकी 'डेटा आधारित राजनीति' रही। विधानसभा में उन्होंने सिर्फ राजनीतिक आरोप नहीं लगाए, बल्कि सरकारी आंकड़ों के जरिए पिनाराई विजयन सरकार को घेरा। केरल में बेरोजगारी दर, राज्य का बढ़ता कर्ज, सरकारी संस्थानों में भ्रष्टाचार और युवाओं के पलायन जैसे मुद्दों को उन्होंने लगातार उठाया। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के अनुसार, 2025 में केरल की शहरी बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत के करीब पहुंच गई थी, जबकि युवाओं में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत से अधिक था। पिछले पांच वर्षों में लगभग 18 लाख युवा रोजगार और शिक्षा के लिए राज्य से बाहर गए। सतीशन ने इन आंकड़ों को लगातार राजनीतिक मुद्दा बनाया और कांग्रेस को 'भविष्य की अर्थव्यवस्था' की भाषा बोलने वाली पार्टी के रूप में पेश किया। केरल की सामाजिक संरचना को समझे बिना इस फैसले को समझना मुश्किल है। राज्य की राजनीति में नायर, ईसाई और मुस्लिम समुदाय निर्णायक भूमिका निभाते हैं। वीडी सतीशन और केसी वेणुगोपाल दोनों नायर समुदाय से आते हैं, जिसकी आबादी राज्य में लगभग 14 से 15 प्रतिशत मानी जाती है। लेकिन फर्क यह रहा कि सतीशन लगातार नायर बहुल परवूर सीट से पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। 2001, 2006, 2011, 2016 और 2021 में उन्होंने लगातार जीत दर्ज की। इससे उनकी जमीनी पकड़ मजबूत मानी जाती है। दूसरी ओर, वेणुगोपाल लंबे समय से राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय रहे और राज्य की सक्रिय राजनीति से उनकी दूरी बढ़ती गई। कांग्रेस के लिए सबसे अहम बात यह थी कि सतीशन को अल्पसंख्यक समुदायों का भी व्यापक समर्थन हासिल था। केरल की लगभग 26 प्रतिशत आबादी मुस्लिम और करीब 18 प्रतिशत ईसाई है। यूडीएफ की सबसे बड़ी सहयोगी आईयूएमएल शुरू से सतीशन के पक्ष में थी। मुस्लिम लीग को यह आशंका थी कि अगर दिल्ली से कोई नेता मुख्यमंत्री बनकर आता है तो गठबंधन के भीतर संतुलन बिगड़ सकता है। चर्च समूहों के बीच भी सतीशन की छवि एक ऐसे नेता की रही, जो वैचारिक रूप से उदार हैं लेकिन धार्मिक तुष्टिकरण की खुली राजनीति नहीं करते। यही वजह रही कि कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें 'सर्वस्वीकार्य चेहरा' माना। केसी वेणुगोपाल की दावेदारी के सामने सबसे बड़ा संकट उनकी राजनीतिक स्थिति थी। वे लोकसभा सांसद हैं और पार्टी महासचिव भी। अगर उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाता तो पहले संसद सदस्यता छोड़नी पड़ती। इसके बाद किसी विधायक की सीट खाली कराकर उन्हें छह महीने के भीतर विधानसभा पहुंचाना पड़ता। लेकिन केरल में पार्टी ने पहली बार साफ संकेत दिया कि अब चुनाव जिताने वाले क्षेत्रीय नेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। सतीशन की ताजपोशी कांग्रेस के भीतर पीढ़ीगत बदलाव का भी प्रतीक मानी जा रही है। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल प्रमुख चेहरों केसी वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला और वीडी सतीशन में सतीशन को अपेक्षाकृत युवा और नई पीढ़ी के नेता के तौर पर देखा गया। उनका पूरा राजनीतिक अभियान 'नई कांग्रेस' की अवधारणा पर आधारित था। भाजपा के बढ़ते प्रभाव को रोकना भी इस फैसले के पीछे एक बड़ा कारण रहा। पिछले कुछ वर्षों में भाजपा ने केरल में हिंदू वोटों, खासकर नायर समुदाय के बीच अपनी पैठ बढ़ाने की कोशिश की। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत 16 प्रतिशत के करीब पहुंच गया था। कांग्रेस समझती थी कि उसे ऐसा चेहरा चाहिए, जो हिंदू समाज में स्वीकार्य हो लेकिन अल्पसंख्यकों के बीच भी भरोसेमंद बना रहे। सतीशन इस राजनीतिक संतुलन में फिट बैठते हैं। उनकी छवि आक्रामक सांप्रदायिक राजनीति से दूर लेकिन सांस्कृतिक रूप से जुड़ी हुई मानी जाती है। अब सबसे बड़ी चुनौती वादों को जमीन पर उतारने की होगी। केरल इस समय लगभग 4 लाख करोड़ रुपये के कर्ज के बोझ से जूझ रहा है। राज्य में निजी निवेश की रफ्तार धीमी है और युवाओं का पलायन लगातार बढ़ रहा है। सतीशन ने चुनाव के दौरान 'ग्लोबल जॉब नेटवर्क', शिक्षा सुधार और स्टार्टअप अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का वादा किया था। अगर वे इन मोर्चों पर ठोस परिणाम देते हैं तो कांग्रेस सिर्फ केरल में ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक नया राजनीतिक मॉडल पेश कर सकती है। वीडी सतीशन की जीत ने यह साफ कर दिया है कि कांग्रेस अब केवल हाईकमान आधारित राजनीति के भरोसे नहीं चलना चाहती। केरल में पार्टी ने पहली बार यह स्वीकार किया है कि जनता और कार्यकर्ताओं के बीच स्वीकार्यता रखने वाला नेता ही सबसे बड़ा राजनीतिक निवेश होता है। यही कारण है कि इस बार दिल्ली की ताकत पर जमीन की हकीकत भारी पड़ गई।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार का आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर, 15 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ अनाचार किया। जब नाबालिग ने शादी करने की बात कही तो युवक अपने वादे से मुकर गया। नाबालिग के पिता ने तुरंत मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना कांकेर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 64(2), 65(1) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी की पता तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने ग्राम धनोरा, जिला कोंडागांव में घेराबंदी की। इसके बाद आरोपी समीर नाग को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी समीर नाग ने नाबालिक के साथ इस कृत्य को करने की बात स्वीकार की। आरोपी समीर नाग निवासी धनोरा, जिला कोंडागांव को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल कर दिया है।

### सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन अब 16 मई तक

**जगदलपुर, 15 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर द्वारा वर्ष 2025-26 के जनवरी से जून सत्र की सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाईन फॅार्म भरने की तिथि में पुनः बढ़ौतरी की गई है। स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा के विभिन्न कक्षाओं के स्टूडेंट्स सौ रूपए विलंब शुल्क के साथ अब 16 मई तक फार्म ऑनलाइन कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेज के साथ ऑनलाइन प्रिंट अंतिम दिन शनिवार तक ही संबंधित संस्थान में जमा लिए जाएंगे। नए व पुराने पाठ्यक्रम के सेमेस्टर मोड के रेगुलर, प्राइवेट, भूतपूर्व, एटीकेटी के उत्तीर्ण, प्रमोटेड एवं डिटेंड स्टूडेंट्स आवेदन कर सकते हैं।

### साप्ताहिक मिलन हिंदू समाज को संगठित करने का प्रमुख माध्यमः शुभम नाग

**जगदलपुर, 15 मई। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बजरंग दल के प्रांत संयोजक शुभम नाग का आज गुरूवार को एक दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर स्थित सीताराम शिवालय में एक बैठक आहूत की गई थी। बैठक की शुरुवात संघठन के पद्धति के अनुसार दीप प्रज्ज्वलित कर ब्रह्मनाद एवं विजय महामंत्र के पश्चात शुभम नाग ने कार्यकर्ताओं को अपने उद्बोधन में युवाओं को संगठन से जुड़कर राष्ट्र एवं धर्म सेवा के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि बजरंग दल की ध्येय वाक्य सेवा, सुरक्षा, संस्कार है, जिस पर बजरंग दल पर कार्य करता है। बजरंग दल हिंदू समाज की अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेगा उन्होंने विशेष रूप से साप्ताहिक मिलन केंद्र को और मजबूती से करने को कहा क्यों कि साप्ताहिक मिलन हिंदू समाज को संगठित करने का प्रमुख केंद्र है, इससे मठ मन्दिरों की सुरक्षा भी होगी। प्रांत संयोजक शुभम नाग ने कहा कि बस्तर में हो रहे अवैध कफ्न दफ्न के मामले आए दिन देखने को मिलते है ईसाई मिशनरी जानबूझकर गांव का माहौल खराब करने में कार्य करता है, और कई बार कांकेर आमाबेड़ा, नारायणपुर जैसे अप्रिय घटनाओं को अंजाम देने के फिराक में रहते है। जिससे प्रदेश का छवि धूमिल होती है। बस्तर क्षेत्र माता दंतेश्वरी माता मावली की पवित्र भूमि है, जिसमें भगवान राम ने वनवास काल में अपनी वनवास काल अधिकता समय यही पर काटी बस्तर देवी देवताओं की भूमि है यहां के लोग माटी को अपनी मां मानते है, मां के साथ कोई खिलवाड़ करे बर्दास्त योग्य नहीं है।

विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप ने बस्तर में हो रहे अवैध धर्मांतरण का पुरजोर विरोध करके कहा कि बजरंग दल अब बर्दाश्त करने वाला नहीं है हमारे आदिवासी समाज को गुमराह करना बंद करे। जिला बस्तर शंकर लाल गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को धर्म विरोधी तत्व जैसे लोगों को निपटने के लिए हमेशा तत्पर रहने को कहा। इस इस बैठक में प्रांत संयोजक शुभम नाग, विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप, जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, जिला धर्म प्रसार देवेंद्र कश्यप, जिला संयोजक विष्णु ठाकुर, सह संयोजक योगेश रैली, नगर संयोजक जगदीश ठाकुर, सह संयोजक अजय सिंह, गौ रक्षा प्रमुख शत्रुघ्न कश्यप, सह प्रमुख पवन , काशी चालकी, हेमराज कश्यप, एवं नगर के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 15 मई।** कलेक्टर श्री विश्वदीप ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से आत्मीयतापूर्वक मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर की सहज एवं संवेदनशील कार्यशैली से मरीजों और उनके परिजनों में विश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री विश्वदीप ने पोषण पुनर्वास केंद्र पहुंचकर भर्ती बच्चों के परिजनों से चर्चा की। उन्होंने बच्चों के उचित पोषण, संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को समझाते हुए



आवश्यक सलाह दी। इस दौरान उन्होंने कुपोषण मुक्ति की दिशा में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, प्रयोगशाला, ब्लड बैंक एवं संपूर्ण परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने साफसफाई, उपचार व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता एवं मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर ने जिला चिकित्सालय में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, उपचार व्यवस्थाओं एवं संचालित सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

**संवेदनशील पहलः** गंभीर बीमार किशोर को मिली आर्थिक सहायता- निरीक्षण के दौरान डायलिसिस यूनिट में भर्ती 15 वर्षीय मरीज आकाश झाड़ी, निवासी आवापल्ली से कलेक्टर ने मुलाकात की। आकाश विगत डेढ़ वर्ष से किडनी संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं और नियमित डायलिसिस उपचार प्राप्त कर रहे हैं। मरीज की माता द्वारा उपचार एवं आवागमन में होने वाले आर्थिक व्यय के संबंध में आर्थिक कठिनाइयों से अवगत कराएं जाने पर कलेक्टर श्री विश्वदीप ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित संवेदनशील पहल की। उन्होंने जिला रेडक्रॉस समिति के माध्यम से 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कर मरीज की माता को चेक प्रदान किया। इस मानवीय पहल की अस्पताल परिसर में व्यापक सराहना हुई।

ओपीडी का निरीक्षण, स्वयं कराया नेत्र परीक्षण- कलेक्टर ने ओपीडी में पहुंचकर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने नेत्र ओपीडी में स्वयं अपना नेत्र परीक्षण भी कराया जिससे स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संदेश गया।

ब्लड बैंक में किया रक्तदान, दिया प्रेरणादायक संदेश- प्रयोगशाला निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पैथोलॉजिस्ट से विभिन्न जांच सुविधाओं एवं परीक्षण प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। वहीं ब्लड बैंक के निरीक्षण के समय उन्होंने रक्तदान के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वयं रक्तदान किया। उनके इस कदम ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजनों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चौबे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला चिकित्सालय में कलेक्टर के इस सक्रिय एवं संवेदनशील निरीक्षण को आमजन हितैषी प्रशासन की सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: निकेत राज झा

■ नीट-यूजी पेपर लीक मामला को लेकर युकां ने प्रधानमंत्री मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का फूँका पुतला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 15 मई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के आदेशानुसार राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम जी की उपस्थिति में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य जी के निर्देश पर बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ में NEET UG 2026 परीक्षा पेपर लीक मामले के विरोध में उग्र प्रदर्शन कर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए संभाग मुख्यालय जगदलपुर राजीव भवन के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष निकेत राज झा ने कहा कि देश के लाखों मेहनती छात्रों का भविष्य आज अधर में लटक गया है। ह्श्वश्वञ्ज जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में बार-बार हो रही पेपर लीक की घटनाएँ केंद्र सरकार की विफ्लता और परीक्षा प्रणाली की खामियों और नाकामियों को उजागर करती हैं।



युवा कांग्रेस की मांग है कि NEET UG 2026 परीक्षा में हुई धांधली की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की जाए।दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाए।केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दें।प्रभावित छात्रों को न्याय दिलाने के लिए पारदर्शी कदम उठाए जाएं। निकेत राज झा ने आगे कहा बस्तर जिला युवा कांग्रेस सख्त चेतावनी देती कि यदि केंद्र सरकार ने इस संवेदनशील मुद्दे पर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया और छात्रों को न्याय नहीं मिला, तो यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से और भी उग्र होगा।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा NEET जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में पेपर लीक की घटनाओं का सामने आना केंद्र सरकार की लापरवाही कार्यप्रणाली का प्रमुख हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर अपने भविष्य के सपने देखते हैं, लेकिन बार-बार होने वाले पेपर लीक से उनकी मेहनत और विश्वास दोनों टूट रहे हैं।सुशील मौर्य ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है,लेकिन केंद्र सरकार इस दिशा में पूरी तरह विफ्ल साबित हुई है। देशभर के अभ्यर्थियों और अभिभावकों में असंतोष और चिंता का माहौल है। पेपर लीक जैसी घटनाएँ केवल परीक्षा प्रणाली ही नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ हैं। जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है।

राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम ने कहा कांग्रेस नेता नेताम ने NEET परीक्षा में सामने आए पेपर लीक मामलों का सामने आना केंद्र सरकार की नाकामी का प्रमाण है उन्होंने कहा कि लाखों छात्र-छात्राएं दिन-रात मेहनत कर अपने भविष्य के सपने देखते हैं, लेकिन केंद्र सरकार की लापरवाही और कमजोर व्यवस्था के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है। NEET जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में बार-बार पेपर लीक होना बेहद गंभीर और शर्मनाक है।यह केवल एक परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि देश के युवाओं के विश्वास और भविष्य के साथ खुला अन्याय है। केंद्र सरकार परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित रखने में पूरी तरह विफ्ल साबित हुई है।उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से यह स्पष्ट हो गया है कि शिक्षा व्यवस्था में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार और लापरवाही हावी है। मेहनती और ईमानदार छात्रों का मनोबल टूट रहा है, जबकि पैसे और पहुंच रखने वाले लोगों को अनुचित लाभ मिल रहा है। यह स्थिति देश के प्रतिभाशाली युवाओं के साथ अन्याय है।

इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, रामशंकर राव,नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, महामंत्री अभिषेक नायडू,चम्पा ठाकुर,अनुराग महतो,नीतीश शर्मा,समस्त पार्षदगण युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस,nsui सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## पंचायत उप निर्वाचन 2026: आदर्श आचार संहिता के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने प्रशासन अलर्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 15 मई।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2026 की घोषणा के साथ ही सबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। त्रिस्तरीय पचायत उप निर्वाचन 2026 में कानून व्यवस्था हेतु अपराधी तथा गुडातत्व के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करना। अवैध अस्त्र-शस्त्रो को जब्त करना एवं असामाजिक तत्व व्यक्तियों को गिरफ्तार करना। जमानत पर छूटे अपराधी तत्वों की निगरानी करना। हिस्ट्री शिटर एवं निगरानी बदमाशों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना।

पिछले निर्वाचन के दौरान मतदान केन्द्र पर लूटपाट करने वाले तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही एवं उनके शस्त्र आदि जमा करना। बड़े-छोटे अन्य सभी वाहनों को निर्वाचन के तीन दिन पूर्व से परिणाम घोषणा के दिनांक तक सघन जांच करना। गत वर्षों में निर्वाचन अपराधों में लिप्त पाए गए व्यक्तियों की सूची तैयार की जाए। आदतन बदमाशों तथा शरारती तत्वों की सूची तैयार की जाए। लबित वारंटों की तामिली की कार्यवाही की जाए। पूर्व में दर्ज निर्वाचन अपराधों के निराकरण हेतु कार्यवाही की जाए। अवैध मदिरा निर्माण तथा विकय पर कड़ी निगरानी रखी जाए तथा आबकारी नियमों के अन्तर्गत कार्यवाही की जाए। सभी शस्त्र विक्रय के दुकानों के रिकार्ड तथा स्टॉक का सत्यापन किया जावे। अवैध हथियारों के निर्माण, विकय तथा भण्डारण पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाये। वाहनों की भी इस प्रयोजन हेतु सघन जांच की जाए। लाएसेसी शस्त्र धारियों के शस्त्र जमा कराए जाने संबंधी नियमानुसार कार्यवाही की जाये। आयोग के स्थाई निर्देशानुसार चिन्हांकित किये गये Vulnerable स्थानों पर पुलिस गस्त की व्यवस्था की जाये। ताकि मतदाता निर्भिक होकर मतदान कर सके। ऐसे स्थानों की सूची केन्द्रीय पुलिस बल से वरिष्ठ अधिकारियों को उपलब्ध कराये जाये ।

## नेतानार कैंप बस्तर का पहला जन सुविधा केंद्र बनेगा, अमित शाह करेंगे उद्घाटन



**जगदलपुर, 15 मई।** बस्तर में पिछले चार दशक से नक्सल मोर्चे पर तैनात अर्धसैनिक बलों के बस्तर से वापस लौटने का सिलसिला जल्द ही शुरू होने वाला है. नक्सल मुक्त बस्तर होने के बाद इन सुरक्षा कैंपो को स्थानीय ग्रामीणों के लिए जन सुविधा केंद्र बनाने की घोषणा देश के गृहमंत्री अमित शाह ने की थी। इसी कड़ी में आगामी 18 मई को 2 दिवसीय बस्तर दौरे पर पहुंच रहे गृहमंत्री अमित शाह नेतानार सीआरपीएफ कैंप को बस्तर का पहला जन सुविधा केंद्र घोषित कर इसका उद्घाटन करेंगे। दरअसल यह इलाका कभी नक्सलियों का गढ़ हुआ करता था। नक्सलियों ने नेतानार के आसपास के इलाको में कई बड़ी वारदातों को भी अंजाम दिया, जिसके बाद यहां सीआरपीएफ कैंप स्थापित करने के बाद इस क्षेत्र में नक्सल गतिविधि कम होने के साथ अब यह ईलाका पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो चुका है। ऐसे में अब इस कैंप को बस्तर का पहला जन सुविधा केंद्र बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

बस्तर के आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि 31 मार्च 2026 के बाद बस्तर संभाग के अंदरूनी इलाकों में नक्सल गतिविधि पूरी तरह से समाप्त हो चुकी है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिन नक्सल इलाकों में सुरक्षा कैंप खोले गए थे, उनमें से कुछ कैंपों को अब उस क्षेत्र की जनता के लिए मूलभूत सुविधा से लांभावित करने के उद्देश्य से इन कैंपो को डिजिटल सेवा केंद्र, स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर, फॉरेस्ट फूड प्रोसेसिंग यूनिट के रूप में स्थापित किए जाने की योजना बनाई गई है। इसी कड़ी में नेतानार सीआरपीएफ कैंप बस्तर का पहला जन सुविधा केंद्र होगा। आगामी दिनों में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बस्तर प्रवास के दौरान इस जन सुविधा केंद्र का उद्घाटन और नामकरण किया जाएगा।

गौरतलब है कि अप्रैल 2026 की रिपोर्ट के अनुसार बस्तर रेंज के संवेदनशील और दुरुस्त इलाकों में लगभग 400 से अधिक सुरक्षा कैंप स्थापित है। इन कैंपों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और जिला पुलिस बल के जवान तैनात है। बस्तर संभाग अब पूर्ण रूप से नक्सल मुक्त होने की घोषणा के बाद इन सुरक्षा कैम्पों को स्थानीय ग्रामीणों के रोजगार और सुविधा के अनुसार जन सुविधा केंद्र में तब्दील करने की योजना है। इसी कड़ी में नेतानार का सीआरपीएफ कैंप बस्तर संभाग का पहला जन सुविधा केंद्र बनने जा रहा है।

### कांकेर के जंगलवार कॉलेज ट्रेनिंग सेंटर में दिखे 7 भालू और दो शावक

**कांकेर,15 मई।** जिले के जंगलवार कॉलेज ट्रेनिंग सेंटर में जवानों को प्रतिदिन सुबह से ही प्रशिक्षण दिया जाता है। आज गुरूवार सुबह जब जवान ट्रेनिंग के लिए पहुंचे, तो जवानों ने एक साथ 7 भालुओं को जंगल में देखा। इनमें एक मादा भालू और उसके दो शावक भी शामिल थे। भालुओं का झुंड ट्रेनिंग कैंप के पास घूम रहा था। इतने सारे भालुओं को एक साथ देखकर जवानों वीडियो बनाना शुरू कर दिया। कांकेर जिला घने जंगलों से घिरा हुआ है, यहां भालुओं का अक्सर आना-जाना लगा रहता है। जवानों ने भालुओं के इस झुंड के फोटो और वीडियो बनाकर साझा किए हैं। कांकेर क्षेत्र में जंगली जानवरों का दिखना सामान्य बात है। लेकिन एक साथ सात भालुओं का दिखना, वन्यजीवों और मानव के बीच सह-अस्तित्व को दर्शाती है।

## उद्यानिकी महाविद्यालय परिसर में आयोजित शिविर में 20 छात्रों ने किया रक्तदान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 15 मई।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय से संचालित क्रांतिकारी देबरिधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में 20 से अधिक छात्रों ने इस मौके पर रक्तदान किया। कार्यक्रम आज गुरूवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम कुमार देवांगन किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जीपी. नाग ने की। डॉ. नाग ने कहा कि ÷रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। शिविर को सफ्ल बनाने में महारानी अस्पताल रक्तदान टीम का विशेष योगदान रहा। चिकित्सकीय टीम ने विद्यार्थियों को रक्तदान के लाभ, सावधानियां और मानव जीवन में इसके महत्व की विस्तृत जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचा सकता है। डॉ. जी. पी. नाग ने घोषणा की कि आगामी सेमेस्टर में पुनः रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें 100 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं में सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य चेतना को और मजबूत किया जा सके। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकीय टीम और एनएसएस स्वयंसेवकों को धन्यवाद दिया।

## बस्तर जिले में पेट्रोल-डीजल का गंभीर संकट, लंबी कतार लगने लगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 15 मई।** बस्तर जिले में पेट्रोल और डीजल का गंभीर संकट देखने को मिल रहा है। अधिकांश पेट्रोल पंपों पर गुरूवार को ÷नो पेट्रोल÷ और ÷डीजल उपलब्ध नहीं÷ के बोर्ड लगने से लोग परेशान होकर एक पंप से दूसरे पंप तक भटकते नजर आए। वहीं जिस एकाध पेट्रोल पंप में पेट्रोल उपलब्ध होने से वहां लंबी कतार लगी रही। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि ईंधन की कमी नहीं है, बल्कि सप्लाई बाधित होने के कारण यह स्थिति बनी है। समय पर टैंकर नहीं पहुंच पाने से पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता प्रभावित हुई है। संचालकों ने भरोसा दिलाया कि अगले दो दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी। आमागुड़ा चौक स्थित पेट्रोल पंप पर ÷नो पेट्रोल÷ का बोर्ड लगा होने के कारण बड़ी संख्या में वाहन चालक बिना ईंधन लिए वापस 'लौटते दिखाई दिए। वहीं दलपत सागर किनारे स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल उपलब्ध होने के कारण वहां दुपहिया वाहनों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों को घंटों लाइन में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। पुलिस लाइन स्थित पेट्रोल पंप में शाम के समय पेट्रोल पहुंचने के बाद कुछ राहत मिली, दूसरी ओर नेशनल हाईवे आमागुड़ा चौक नेशनल हाईवे पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं मिलने पर मायूस लौटते दिखे। रिलायंस पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के लिए चार पहिया वाहनों की कतार हाईवे तक पहुंच गई थी। शहर के अन्य पेट्रोल पंपों में यही हालात दिखाई दिए। ईंधन संकट का सबसे अधिक असर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों पर पड़ रहा है। गांवों से शहर पहुंचे लोग घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। आम जनता ने प्रशासन और सरकार से जल्द स्थिति सामान्य करने की मांग की है।

# देश की जनता आर्थिक संकट से जूझ रही, केंद्र सरकार जवाब दे : लखेश्वर बघेल

■ देश में बढ़ती महंगाई से जनता परेशान, सरकार बनी मूकदर्शक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 15 मई।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट को लेकर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि आज देश की आम जनता सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे गरीब, मजदूर, किसान, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारियों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफ्ल साबित हुई है।

श्री बघेल ने कहा कि देश में किसानों को समय पर खाद और उर्वरक नहीं मिल




पा रहा है। खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन किसानों की आय में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। खाद की कमी के कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। किसान आज दोहरी मार झेल रहा है – एक ओर महंगी खेती और दूसरी ओर फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलना। केंद्र सरकार किसानों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने में असफ्ल रही है।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने हर वर्ग की कमर तोड़ दी है। परिवहन महंगा होने से खाने-पीने की चीजों से लेकर निर्माण सामग्री तक हर वस्तु के दाम बढ़ गए हैं। रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि से महिलाओं और गृहिणियों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। आज स्थिति यह है कि आम परिवार अपनी जरूरतों में कटौती करने को मजबूर हो गया है। देश के युवाओं के सामने बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है। रोजगार के अवसर लगातार कम हो रहे हैं और सरकार सिर्फबड़े-बड़े वादे करने में लगी हुई है। लाखों पढ़े-लिखे युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार के पास उनके भविष्य को लेकर कोई ठोस योजना दिखाई नहीं देती। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय लोगों को कम खर्च करने, कम यात्रा करने और कम उपभोग करने की सलाह दे रही है। यह देश की जनता के साथ अन्याय है। सरकार का काम लोगों को राहत देना होता है, न कि उन्हें अपनी जरूरतें कम करने के लिए मजबूर करना।

बस्तर विधायक ने कहा कि आज देश की आर्थिक स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। आम आदमी कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। छोटे व्यापारी और मध्यम वर्ग लगातार आर्थिक दबाव में हैं। महंगाई के कारण परिवारों की बचत खत्म हो रही है और लोगों का जीवन स्तर नीचे जा रहा है। लखेश्वर बघेल ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में तत्काल कमी की जाए, किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद और उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, महंगाई नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा किए जाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता की आवाज उठाती रही है और आगे भी किसानों, मजदूरों, युवाओं और गरीब वर्ग के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी। पत्रवार्ता के दौरान पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, वरिष्ठ नेता विमल सुराना, वीरेंद्र गुप्ता, शकील रिजवी, अवधेश गौतम, छविंद्र कर्मा, सुलोचना कर्मा, सुमित्रा सोरी, रविश सुराना, रितेश जैन, मनोज मालवीय समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

## एक नज़र

### राजस्व मामलों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर ने किया कार्य विभाजन

**रायगढ़, 15 मई।** कलेक्टर रायगढ़ द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए प्रशासनिक कार्य विभाजन संबंधी आदेश जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 में हुए संशोधन के तहत अपील प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण हेतु अधिकारियों को तहसीलवार जिम्मेदारी सौंपी गई है।जारी आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो को लैलूंगा, मुकडेगा एवं खरसिया तहसीलों की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अपर कलेक्टर श्री रवि राही को घरघोड़ा, तमनार, धरमजयगढ़, छाल एवं कापू तहसीलों का प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी अपने प्रभार क्षेत्र में लंबित राजस्व अपील प्रकरणों की सुनवाई एवं निराकरण कार्य को प्राथमिकता से सुनिश्चित करेंगे, ताकि आमजनों को त्वरित राहत मिल सके। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### नगर पालिका निर्वाचन 2026: ईवीएम प्रबंधन, रेण्डमाइजेशन एवं कमीशनिंग कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़, 15 मई।** नगरपालिका निर्वाचन 2026 के अंतर्गत पार्षद पद का निर्वाचन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से कराया जाना है। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत ईवीएम के प्रबंधन, रेण्डमाइजेशन, कमीशनिंग एवं अन्य संबंधित कार्यों के सुचारु संचालन के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप अतिरिक्त तहसीलदार रायगढ़ श्रीमती वर्षा तिवारी को नोडल अधिकारी ईवीएम नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जिला अंत्यावसायी विभाग रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बाबूभाई श्रीवास तथा सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख रायगढ़ श्री मनोज पटेल को ईवीएम के सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निर्वाचन संबंधी समस्त कार्य आयोग द्वारा निर्धारित प्रावधानों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपादित किए जाएंगे।

### अफवाहों पर न दें ध्यान, जिले में पेट्रोल-डीजल व एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता : कलेक्टर

**धमतरी, 15 मई ।** जिले में पेट्रोल पंपों पर इन दिनों बढ़ती भीड़ एवं कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ईंधन एवं घरेलू गैस की कमी संबंधी अफवाह फैलाए जाने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अबिनाश मिश्रा ने जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों (एसडीएम) को अपने-अपने क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर आवश्यकतानुसार कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं फूड इंस्पेक्टर की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है तथा आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रूप से संचालित हो रही है। इसी प्रकार एलपीजी (घरेलू गैस) की भी जिले में किसी प्रकार की कमी अथवा शॉर्टेज नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं के कारण अनावश्यक रूप से पेट्रोल पंपों पर भीड़ एकत्र हो रही है, जिससे आम नागरिकों को असुविधा हो रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पेट्रोल पंपों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा अव्यवस्था पाए जाने पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अमले को भी स्थिति पर सतत नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट सूचना अथवा अफवाह पर ध्यान न दें और आवश्यकता के अनुरूप ही ईंधन एवं गैस क्रय करें। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा जिले में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### खाद की कमी से किसानों को हो रही है परेशानी : किसान नेता लेखराम साहू

**अंबरी, 15 मई।** कुरूद के पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग कांग्रेस नई दिल्ली लेखराम साहू ने कहा कि खाद की कमी ने किसानों को संकट में ला दिया है खेती करें तो किसके भरोसे,बिना खाद के सही उत्पादन नहीं होने से किसान को कोई फायदा भी नहीं हो पाएगा किसान के हितैषी कहे जाने वाले बीजेपी सरकार किसान के चेहरे में न मिटने वाली चिंता की लकीर खींच दिए हैं

किसान नेता लेख राम साहू ने कहा कि कई किसान ऐसे हैं जो खेती तो करते हैं लेकिन दस्तावेज पर्याप्त नहीं होने के कारण उन्हें खाद नहीं मिल रही है खुले बाजार में भी टोकन सिस्टम लागू है जिसके चलते ज्यादा दाम में भी उन्हें खाद नहीं मिल रही है खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए शासन प्रशासन ने किसानों को दिए जाने वाले खाद की लिमिट तय कर दी है लिमिट भी इतनी कम है इसके भरोसे खेती संभव नहीं है किसान प्रति एकड़ 2 से 2.5 बोरा यूरिया डालते हैं लेकिन इस बार मात्र एक बोरा ही दिया जा रहा है जिसके चलते किसान बहुत परेशान हैं और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है खाद की लिमिट तय किए जाने से किसानों में नाराजगी है उन्होंने बताया कि धान की खेती में वैसे भी किसान घाटा सहते आ रहे हैं उत्पादन अच्छा आने पर ही किसान धान की खेती में कुछ बचा सकते हैं अब खाद में कटौती किए जाने से धान में अच्छा उत्पादन का अवसर भी खत्म हो गया है कुछ किसानों के पिताजी के स्वर्गवास होने से फौत नहीं उठा है ऐसे में उसके आधार कार्ड पर खाद ही नहीं मिल रही है वे पिता की दस एकड़ खेती संभालते आ रहे हैं खाद नहीं मिलने से उनकी परेशानी बढ़ गई है वे रोजाना खाद की व्यवस्था करने के लिए भटक रहे हैं डबल इंजन की सरकार को किसानों की ऐसी समस्या का समाधान जल्द करना चाहिए ताकि किसान अपनी खेती सही ढंग से कर सके खाद की पर्याप्त भंडारण रखकर किसानों को अच्छा खेती करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए ।

# सुशासन तिहार में खुशियों की सौगात: कुंजेमुरा शिविर में हितग्राहियों को मिली पक्के आशियाने की चॉबी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 15 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं का असर गांव-गांव में दिखाई देने लगा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत तमनार विकासखंड के ग्राम कुंजेमुरा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीणों के लिए उम्मीद और खुशियां लेकर आया। इस शिविर में क्लस्टरवार 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए, जहां प्रशासन ने लोगों की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान की दिशा में पहल की।

शिविर का सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षण तब आया, जब प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत समय-सीमा में अपना पक्का मकान पूर्ण करने वाले 5 हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। हितग्राहियों को श्रीफल, गमछा और दीवार घड़ी भेंट कर सम्मान दिया गया तथा प्रतीकात्मक रूप से उनके सपनों के आशियाने की चॉबी सौंपी गई।



सम्मान पाकर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

शिविर में मौजूद हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों से पक्के मकान का जो सपना अधूरा था, वह अब साकार हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले बारिश के मौसम में कच्चे मकानों में रहने से कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंच रही हैं और इससे ग्रामीण जीवन में बड़ा बदलाव आया है।

शिविर के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने ऐसे हितग्राहियों से भी संवाद किया जिनके आवास अभी अप्रारंभ या अपूर्ण हैं। अधिकारियों ने उन्हें जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने के लिए प्रेरित किया तथा आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल घर बनाने की योजना नहीं, बल्कि गरीब परिवारों को सम्मान और सुरक्षा देने का अभियान है। सुशासन तिहार के इस आयोजन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सरकार की योजनाएं जब संवेदनशील प्रशासन और जनभागीदारी के साथ जमीन पर उतरती हैं, तो आम लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन दिखाई देता है।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों में शिविर का आयोजन

**महासमुंद 15 मई ।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आज जिले के पांचों विकासखण्डों के 10 ग्रामों में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि तथा अन्य समवर्गीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर एवं किसान रथ के माध्यम से विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रचार कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष किया गया। शिविर का आयोजन विकासखण्ड महासमुंद अतर्गत ग्राम मालीडीह एवं जोबा, विकासखण्ड बागबाहरा अतंर्गत खटटी एवं परकोम, विकासखण्ड पिथौरा के ग्राम जघोरा एवं नयापाराकला, विकासखण्ड बसना अतर्गत मेदनीपुर एवं रूपापाली तथा विकासखण्ड सरायपाली के ग्राम पझरापाली एवं अरतुंडा में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी शिविरों में जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में लापरवाही पर कार्रवाई, कार्यकर्ता-सहायिकाओं का मानदेय कटा

**रायगढ़, 15 मई।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में लापरवाही बरतने वाले कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास रायगढ़ द्वारा शहर के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, जिसमें केंद्र संचालन में गंभीर अनियमितताएं और जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही सामने आई। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने संबंधित कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के एक दिवस के मानदेय में कटौती करने के आदेश जारी किए हैं।

निरीक्षण के दौरान एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत कयाघाट बी, सिंघल सॉमिल, सरईभदर एवं गांधीनगर सी आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जांच में पाया गया कि कई केंद्रों में संचालन कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा था। केंद्र संचालन में लापरवाही पाए जाने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

### इन पर हुई कार्रवाई

प्रशासन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र कयाघाट बी की कार्यकर्ता श्रीमती मेनका कुर्रे एवं सहायिका निकिता चौहान, सिंघल सॉमिल केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती सुनीता वारे एवं सहायिका श्रीमती राजमति माली, सरईभदर केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती पदमा सारथी एवं सहायिका श्रीमती सोनी जायसवाल तथा गांधीनगर सी केंद्र की कार्यकर्ता श्रीमती शिवनंदनी भास्कर एवं सहायिका श्रीमती सीमा बर्मन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 14 मई 2026 के एक दिवस के मानदेय की कटौती के आदेश जारी किए गए हैं।

### लापरवाही पर प्रशासन की सख्त चेतावनी

जिला प्रशासन ने कहा है कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं जरूरतमंद परिवारों को पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे में केंद्र संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण और मॉनिटरिंग लगातार जारी रहेगी तथा भविष्य में भी लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रावासों में मासिक स्वास्थ्य जांच के लिए निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सक 25 मई तक कर सकते हैं आवेदन

**रायगढ़, 15 मई।** जिले में संचालित छात्रावास/आश्रमों में वर्ष 2026-27 हेतु प्रवेशित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु रायगढ़ जिले के निजी प्रेक्टिशनरों जिनकी योग्यता एमबीबीएस, बीएएमएस एवं बीएचएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं (छात्रावास/आश्रम) के लिए 25 मई 2026 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। इच्छुक चिकित्सक अपना आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक से भेज सकते है।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास/आश्रमों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपये प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास/आश्रमों में छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 1200 रुपये प्रतिभ्रमण मानदेय भुगतान दिया जाएगा। निजी चिकित्सक माह में कम से कम दो बार छात्रावास/आश्रम के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। साथ ही प्रत्येक छात्रावास/आश्रम के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज करेंगे। इच्छुक निजी चिकित्सक अपने लेटर पेड में आवेदन पत्र के साथ शासकीय/मान्यता (जहां फोटो चस्पा हो) एवं पेन कार्ड की छायाप्रति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ में निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक से भेज सकते है।

## पुरुंगा से हाटी तक होगा डब्ल्यूबीएम रोड निर्माण

**रायगढ़, 15 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप रायगढ़ जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर लगातार प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय ग्रामीणों, किसानों, एवं जन भावनाओं को विशेष ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत पुरुंगा से हाटी मुख्य मार्ग में डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्माण के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से 80 लाख 89 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क निर्माण कार्य के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया है। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है और लोगों ने इसे ग्रामीण विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

पुरुंगा से हाटी मुख्य मार्ग लंबे समय से ग्रामीणों के लिए आवागमन की बड़ी समस्या बना हुआ था। बरसात के दिनों में यह मार्ग और अधिक कठिन हो जाता था, जिससे ग्रामीणों को दैनिक कार्यों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। इस सड़क के निर्माण से सबसे अधिक लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा, जिन्हें स्कूल आने-जाने में अब आसानी होगी।

## पेट्रोल-डीजल को टैक्स फ्री करें सरकार: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,15 मई।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 से ही महंगाई कम करने और अच्छे दिन लाने के वादे किये थे। 100 दिन में महंगाई से राहत प्रदान कर जनता को किफायती दर पर रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने की बात उन्होंने कही थी। 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के पहले श्री मोदी को 400 रुपए की रसोई गैस और 70 रुपए प्रति लीटर का पेट्रोल महंगी लगती थी। आज केंद्र में उनकी सरकार बने 12 साल बीतने को हैं, और उनकी सरकार बनने के बाद 1000 रु. की रसोई गैस तथा 104 रु. में पेट्रोल मिल रहा है। इस पर उन्हें जनता को जवाब देना चाहिए। देश के 5 राज्यों में चुनाव खत्म होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी खर्च की वसूली के लिए जनता पर एक और बोझ डाल दिया है। पेट्रोल-डीजल के दामों में 3-3 रूपए की वृद्धि कर सरकार ने बता दिया है कि उन्हें आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं।

पूर्व संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह विफल हो चुकी है। कुछ दिन पूर्व ही उन्होंने देशवासियों से देश बचाने की अपील करते हुए सोने की खरीदी नहीं करने की बात कही। जब-जब देश के सामने आर्थिक चुनौतियां खड़ी होती है, तब सरकार महंगाई बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल देता है। अपनी आर्थिक विफलता की जिम्मेदारी सरकार को खुद लेनी चाहिए। हर बार देशवासियों से त्याग तथा बचत की अपील कर प्रधानमंत्री मोदी अपनी नीतिगत विफलताओं से देश का ध्यान भटकाने और जवाबदेही से बचने की कोशिश करते हैं। पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि का एक और बड़ा कारण नीट परीक्षा पेपर लीक मामले से देश वासियों का ध्यान भटकाना भी है। देशभर के करोड़ों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर मोदी सरकार इस प्रकरण से जनता का ध्यान भटकाना चाहती है।

चंद्राकर ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए जाने का असर खाद्य सामग्रियों, बस का सफर, सब्जियों के दाम में बढ़ोत्तरी के रूप में देखने को मिलेगा। रसोई से लेकर सफर तक हर चीज़ महंगी होती जा रही है, लेकिन जनता की परेशानियों पर सरकार मौन है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में पहले इजाफा होता था तो हंगामा मच जाता था।

### जिले में पेट्रोल, डीजल एवं गैस का सुचारू रूप से किया जा रहा है वितरण

**महासमुंद 15 मई।** वर्तमान में महासमुंद जिले में पेट्रोल, डीजल एवं गैस की उपलब्धता सामान्य है एवं सुचारू रूप से जारी है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी श्री तेजपाल सिंह ध्रुव ने बताया कि जिले में आईओसीएल कंपनी के 35, बीपीसीएल कंपनी के 29 एवं एचपीसीलए के 40 पेट्रोल/डीजल पंप संचालित है। जिसमें आई.ओ.सी.एल. कंपनी के 35 ऑयल वितरकों द्वारा जिले में प्रतिदिन पेट्रोल 15 के.एल. एवं डीजल 28 के.एल. का दैनिक विक्रय किया जाता है, जिले में उक्त कंपनी के पास वर्तमान में पेट्रोल का स्टॉक 270 के.एल. एवं डीजल का स्टॉक 240 के.एल. उपलब्ध है, जो कि पेट्रोल 15 दिवस हेतु एवं डीजल 8 दिवस हेतु पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। बी.पी.सी.एल. कंपनी के 29 ऑयल वितरकों द्वारा जिले में प्रतिदिन पेट्रोल 29 के.एल. एवं डीजल 57 के.एल. का दैनिक विक्रय किया जा रहा है, उक्त कंपनी के पास वर्तमान में पेट्रोल का स्टॉक 225 के.एल. एवं डीजल का स्टॉक 278 के.एल. उपलब्ध है ।

## खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के लिए बड़ी सौगात शिक्षा और कौशल विकास को मिलेगी नई उड़ान

**रायगढ़, 15 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप रायगढ़ जिला प्रशासन ने खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया है। विशेष रूप से लैलूंगा एवं धरमजयगढ़ क्षेत्र के 15 लाभार्थी युवाओं को आईएचएम रायपुर में हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिलाया जाएगा। इन विद्यार्थियों का पूरा शैक्षणिक सत्र 2026-27 एक वर्ष के लिए डीएमएफ मद से पूर्णतः वित्तपोषित रहेगा, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।लैलूंगा और धरमजयगढ़ विकासखंड के उन युवाओं के लिए यह पहल उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है, जो आर्थिक या सामाजिक परिस्थितियों के कारण उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण से वंचित रह जाते हैं। डीएमएफ (जिला खनिज संस्थान न्यास) मद से 19 लाख 20 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर युवाओं को शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने की ठोस पहल की गई है। यह स्वीकृति कलेक्टर एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर प्रदान की गई है।

लैलूंगा और धरमजयगढ़ जैसे खनन प्रभावित क्षेत्रों में यह योजना सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्षों से संसाधन आधारित इन क्षेत्रों में शिक्षा और रोजगार के सीमित अवसरों को देखते हुए यह पहल युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी। शिक्षा और कौशल विकास ही क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास की कुंजी है। इसी उद्देश्य से रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ मद का उपयोग युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में किया जा रहा है, जिससे खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को नर्सिंग, चिकित्सा शिक्षा, इंजीनियरिंग, विधि, प्रबंधन, उच्च शिक्षा, व्यवसायिक पाठ्यक्रम, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अध्ययन के लिए सहायता उपलब्ध हो सके ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इस प्रकार के रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। इस निर्णय से न केवल खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में सामाजिक विकास, आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन को भी नई गति प्राप्त होगी।

### रायगढ़ जिले में 95 गौठानों और 515 किसानों के टांकों में तैयार हो रहा नील हरित शैवाल

# नील हरित शैवाल से सुधरेगी खेतों की सेहत, बढ़ेगा उत्पादन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 15 मई।** प्रदेश में जैविक खेती को बढ़ावा देने और खेती में मिट्टी की घटती उर्वरता और लगातार बढ़ती रासायनिक खादों की लागत के बीच इस वर्ष से धान और अन्य फसलों में नील हरित शैवाल खाद का उपयोग करने के लिए राज्य शासन के निर्देश पर जिले में ठोस कार्य योजना बना कर क्रियान्वयन शुरू कर दी गई है। यह खाद किसानों के लिए एक प्रभावी और टिकाऊ विकल्प बनकर उभरेगा। मिट्टी में प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन स्थिरीकरण करने वाला यह जैविक संसाधन खेतों की सेहत सुधारने, फसल की बढ़वार मजबूत करने और खेती की लागत घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यही वजह है कि जिले में आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए बड़े स्तर पर नील हरित शैवाल उत्पादन एवं उपयोग की कार्ययोजना तैयार की गई है। धान और अन्य फसलों में उत्पादन क्षमता बढ़ाने और इस खाद का उपयोग कराने और इसके अनेकों फायदे को किसानों तक पहुंचाने के लिए राज्य शासन के निर्देश पर कलेक्टर द्वारा जिला पंचायत, कृषि, खाद्य, सहकारिता और विपणन और उद्यानिकी विभागों की संयुक्त बैठक लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप तथा संभाग स्तरीय एपीसी बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में हरी खाद एवं जैविक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत जिले के 95 चिन्हांकित गौठानों के 309 टांकों में नील हरित शैवाल तैयार किया जाएगा। इसके लिए



463.50 किलोग्राम मदर कल्चर का उपयोग किया जाएगा, जिससे लगभग 7725 क्विंटल नील हरित शैवाल उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इस जैविक खाद का उपयोग 772.5 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रायोगिक तौर पर किया जाएगा, जिससे अनुमानित 38.18 मीट्रिक टन तक यूरिया की खपत में कमी आने की संभावना है। यह पहल किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर प्राकृतिक एवं टिकाऊ खेती की ओर प्रेरित करेगी।

गौठानों के चयन में रायगढ़ विकासखंड के 17, खरसिया के 5, तमनार के 6, पुसौर के 11, धरमजयगढ़ के 17, घरघोड़ा के 13 तथा लैलूंगा के 26 गौठान शामिल किए गए हैं। प्रशासन द्वारा चरणबद्ध तरीके से मदर कल्चर वितरण की कार्ययोजना भी तैयार की गई है। शासकीय कृषि प्रक्षेत्र बेहरामार, धरमजयगढ़ में लगभग 6 क्विंटल मदर कल्चर 17 मई को प्राप्त होगा। इसका वितरण 18 मई को उप संचालक कृषि कार्यालय रायगढ़ परिसर से रायगढ़, पुसौर, खरसिया एवं तमनार विकासखंडों के प्रथम चरण के चयनित टांकों हेतु किया जाएगा। वहीं धरमजयगढ़, घरघोड़ा एवं लैलूंगा विकासखंड सीधे बेहरामार से कल्चर प्राप्त करेंगे। लैलूंगा विकासखंड को प्रारंभिक रूप से 30 किलोग्राम कल्चर उपलब्ध भी करा दिया गया है। द्वितीय चरण के लिए बीज निगम कृषि प्रक्षेत्र बोईरदादर से 23 मई तक लगभग 8 क्विंटल कल्चर प्राप्त होने की संभावना है। तैयार स्थिति के अनुसार इसका वितरण सीधे बोईरदादर से किया जाएगा।

### 515 प्रगतिशील किसान स्वयं तैयार करेंगे नील हरित शैवाल

जिला प्रशासन किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। जिले के 515 प्रगतिशील किसानों को स्वयं के टांकों में नील हरित शैवाल उत्पादन हेतु चिन्हांकित किया गया है। इनमें रायगढ़ के 85, खरसिया के 69, तमनार के 40, पुसौर के 70, धरमजयगढ़ के 115, घरघोड़ा के 60 तथा लैलूंगा के 75 किसान शामिल हैं। इन किसानों द्वारा कुल 515 टांकों में उत्पादन किया जाएगा, जिसके लिए 257.50 किलोग्राम मदर कल्चर की आवश्यकता होगी। इससे लगभग 10,300 क्विंटल नील हरित शैवाल उत्पादन संभावित है, जिसका उपयोग 1030 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाएगा। इससे लगभग 50.88 मीट्रिक टन तक यूरिया की खपत में कमी आने का अनुमान है। किसानों को इस अभिनव पहल से जोड़ने के लिए किसान मित्र, कृषि विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के कृषि मित्रों द्वारा लगातार गांव-गांव पहुंचकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। किसानों को नील हरित शैवाल तैयार करने की विधि, इसके उपयोग तथा इसके लाभों की जानकारी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक किसान जैविक खेती की ओर प्रेरित हो सकें।

### मैदानी अमलों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

नील हरित शैवाल उत्पादन को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कृषि विभाग रायगढ़ द्वारा कृषि विकास अधिकारियों, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारियों एवं अन्य मैदानी अमलों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नील हरित शैवाल उत्पादन की तकनीक, जैव उर्वरकों के लाभ तथा किसानों को व्यवहारिक रूप से इससे जोड़ने के उपायों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण का उद्देश्य मैदानी अमलों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर किसानों को स्वयं उत्पादन के लिए प्रेरित करना है।नील हरित शैवाल एक प्राकृतिक सूक्ष्म जीव है जो वायुमंडलीय नाइट्रोजन को सोखकर मिट्टी में स्थिर करता है। धान की फसल के लिए इसे एक प्राकृतिक यूरिया के रूप में जाना जाता है। कृषि विभाग के अनुसार नील हरित शैवाल धान उत्पादन के लिए अत्यंत उपयोगी जैविक खाद है, जिसे किसान अपने खेत के पास ही आसानी से तैयार कर सकते हैं। इसके लिए 2×1 मीटर का गड्ढा या टैंक तैयार कर उसमें प्लास्टिक शीट बिछाई जाती है। फिर 10 से 15 किलो खेत की मिट्टी एवं 5 से 10 सेंटीमीटर पानी डालकर मिश्रण तैयार किया जाता है। इसके बाद 200 से 250 ग्राम सिंगल सुपर फॉस्फेट तथा लगभग 100 ग्राम चूना मिलाया जाता है। फिर 1 से 2 किलो पुराना नील हरित शैवाल कल्चर पूरे टैंक में समान रूप से फैला दिया जाता है। पर्याप्त धूप एवं नियंत्रित जलस्तर बनाए रखने पर 7 से 10 दिनों में पानी की सतह पर हरी-नीली परत बन जाती है, जिसे सुखाकर जैविक खाद के रूप में उपयोग किया जाता है।

धान के खेत में 10 से 15 किलो प्रति हेक्टेयर उपयोग किया जा सकता है। इसके उपयोग के समय खेत में पानी भरा होना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार नील हरित शैवाल मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, फसल वृद्धि में सुधार करने तथा खेती की लागत घटाने में अत्यंत प्रभावी है। यह नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करता है और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला प्रशासन की यह पहल किसानों को कम लागत, अधिक उत्पादन और टिकाऊ खेती की दिशा में नई राह दिखा रही है। लगातार बढ़ती रासायनिक खेती की चुनौतियों के बीच नील हरित शैवाल किसानों के लिए एक सरल, सस्ता और पर्यावरण हितैषी विकल्प बनकर उभर रहा है।

## एक नजर

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,15 मई।** प्राकृतिक आपदा से मृत परिवार के निकट परिजन के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजन उर्मिला के पति हेमराम, निवासी ग्राम सिरियाडीह तहसील लवन क़ी कुंआॅ के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली परिवार की तकदीर

**रायपुर, 15 मई।** अपने घर का सपना हर किसी की आंखों में होता है, लेकिन आर्थिक तंगी अक्सर इस सपने को अधूरा छोड़ देती है। कोरिया जिले के वनांचल क्षेत्र सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम रजौली की निवासी हिरमन बाई के लिए भी यह सपना वर्षों तक सिर्फ एक उम्मीद बना रहा। कच्चे मकान की असुरक्षा, मौसम की मार और रोजमर्रा की परेशानियों के बीच जीवन बीत रहा था। लेकिन अब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने उनके जीवन की तस्वीर बदल दी है। कभी बारिश की बूंदें घर की छत से भीतर टपकती थीं, गर्मी में मिट्टी की दीवारें तपती थीं और ठंड के दिनों में पूरा परिवार असुरक्षा और असुविधा के बीच रातें बिताने को मजबूर था। ऐसे हालात में एक सुरक्षित और पक्के घर का सपना उनके लिए किसी दूर की मंजिल जैसा था। इसी बीच प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत हिरमन बाई का आवास स्वीकृत हुआ। शासन की प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) व्यवस्था के जरिए अनुदान राशि सीधे उनके बैंक खाते में पहुंची, जिससे उन्होंने अपने सपनों के घर के निर्माण की शुरुआत की। मेहनत और शासन की सहायता से अब उनका पक्का मकान बनकर तैयार हो चुका है। नए घर में प्रवेश के साथ ही हिरमन बाई और उनके परिवार के जीवन में मानो नई रोशनी आ गई है। परिवार को सुरक्षित वातावरण मिला है, जिससे आत्मविश्वास और सम्मान की भावना बढ़ी है। हिरमन बाई बताती हैं कि पहले उनका जीवन बेहद कठिन था। कच्चे मकान में हर मौसम एक नई चुनौती लेकर आता था, लेकिन अब पक्के घर ने उनके जीवन में स्थिरता और सुकून ला दिया है। वह कहती हैं कि यह घर सिर्फ ईंट और सीमेंट का ढांचा नहीं, बल्कि उनके परिवार के बेहतर भविष्य की नींव है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह योजना केवल घर नहीं दे रही।

# खालसा पब्लिक स्कूल में 12वीं बोर्ड के परिणाम शानदार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 15 मई।** कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय के छात्र श्रेयांश अग्रवाल ने 93.6त्न अंक लेकर पूरे डोंगरगढ़ में सर्वप्रथम तथा जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किया, गणित संकाय के छात्र भावेश यादव ने 92.4त्न अंक के साथ डोंगरगढ़ में प्रथम तथा जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं जीव विज्ञान संकाय की छात्रा निशिका टेम्भरे ने 88% अंक के साथ नगर में द्वितीय तथा जिले में छठवां स्थान प्राप्त कर खालसा पब्लिक स्कूल को गौरवान्वित किया। सिख एजुकेशन सोसाइटी, खालसा पब्लिक स्कूल द्वारा शिक्षा को विशेष महत्व देते हुए इस वर्ष कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया गया है। विद्यालय ने विगत कई वर्षों का रिकॉर्ड कायम रखते हुए डोंगरगढ़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गौरव की बात यह है कि छात्र भावेश यादव ने एकमात्र पूरे डोंगरगढ़ में JEE Advanced क्वालीफाई किया है। सिख एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह जी अरोरा का मुख्य उद्देश्य केवल पाठ्य ज्ञान प्रदान करना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है एवं विद्यार्थियों को ऐसा वातावरण प्रदान करना है जहां वे अपनी प्रतिभा को पहचान देकर उसे निखार सके।

सिख एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष सरदार हरजीत सिंह जी अरोरा, समस्त समिति के सदस्य एवं प्राचार्या श्रीमती शिवप्रीत कौर के मार्गदर्शन में विद्यालय ने निस्वार्थ भाव से छात्रों के उज्जवल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन के कारण यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है।

प्राचार्या तथा विद्यालय परिवार सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हैं। अध्यक्ष एवं समितिगण के नेतृत्व के साथ खालसा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती शिवप्रीत कौर ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य कामना करते हुए कहा की आगामी वर्ष में भी उत्कृष्ट परिणाम का कीर्तिमान स्थापित करते रहेंगे।




# सुशासन तिहार : संवेदनशील शासन, त्वरित समाधान और जन-विश्वास का नया अध्याय

**रायपुर, 15 मई।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार अब केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जन-सरोकारों से जुड़ा एक सशक्त जन-आंदोलन बन चुका है। इस अभियान ने शासन और नागरिकों के बीच विश्वास की एक नई और अटूट कड़ी स्थापित की है। सुदूर वनांचलों से लेकर नगरीय निकायों तक, सरकार स्वयं जनता के द्वार पहुँचकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर रही है।

**जनता के द्वार पहुंची सरकार:** सुशासन तिहार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इसने आम आदमी को दफ्तरों के चक्कर काटने की विवशता से मुक्ति दिलाई है। प्रशासन स्वयं गांव-गांव पहुँचकर शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के आवेदन सीधे स्वीकार कर रहा है। इन समाधान शिविरों में बड़ी संख्या में मामलों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है, जो साय सरकार की अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।

**त्वरित निर्णय और प्रभावी क्रियान्वयन:** शिविरों के दौरान प्रशासनिक संवेदनशीलता का अनूठा स्वरूप देखने को मिल रहा है। पेयजल संकट के समाधान हेतु तत्काल नए हैंडपंपों की स्वीकृति हो या



अतिरिक्त राशन दुकान, सड़क, बिजली और आवास से जुड़े मामले, निर्णय मौके पर ही लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की स्पष्ट मंशा है कि जन-समस्याओं का समाधान समय-सीमा के भीतर हो। इसी के अनुरूप जिला प्रशासनों को जवाबदेह बनाते हुए अधिकारियों को पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने हेतु निर्देशित किया गया है।

**अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिल रहा सीधा लाभ:** राज्य सरकार की योजनाओं का केंद्र बिंदु समाज का वंचित वर्ग है। प्रधानमंत्री आवास योजना से हजारों परिवारों को पक्की छत मिल रही है। महतारी वंदन योजना के जरिए महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। किसानों को सम्मान निधि, आधुनिक उपकरण और सिंचाई सुविधाओं का लाभ निरंतर मिल रहा है। शिविरों में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, किसान किताब और जॉब कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेजों का तत्काल वितरण सरकार की क्रियान्वयन शक्ति को दर्शाता है।

**प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता:** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कड़ा संदेश दिया है कि जन-समस्याओं के प्रति लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुशासन तिहार के दौरान अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है। कलेक्टरों और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सीधे जनता से संवाद कर समस्याओं का फीडबैक लेना प्रशासनिक पारदर्शिता और जनहित के प्रति उनकी गंभीरता को रेखांकित करता है, जिससे नागरिकों में शासन के प्रति गहरा भरोसा जगा है।

**जनभागीदारी से सुदृढ़ होता लोकतंत्र :** इस अभियान ने शासन व्यवस्था को अधिक सहभागी और जन-केंद्रित बनाया है। जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने सुशासन तिहार को लोकतंत्र के वास्तविक उत्सव में बदल दिया है। यह पहल केवल शिकायतों के निवारण तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर उन्हें विकास की मुख्यधारा में जोड़ने का माध्यम बन रही है।

**नए छत्तीसगढ़ की आधारशिला:** मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा छत्तीसगढ़ की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई है। सुशासन तिहार इसी विजन का मूर्त रूप है। आज जब गांवों में समय पर समस्याओं का समाधान और योजनाओं का पारदर्शी लाभ मिल रहा है, तो यह विश्वास और भी प्रबल हो रहा है कि छत्तीसगढ़ तेजी से सुशासन और जनकल्याण के एक स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर सुशासन तिहार केवल एक प्रशासनिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे संकल्पों की सिद्धि का एक महापर्व है। हमारी सरकार का मूल मंत्र है- ''जनता की सेवा ही सर्वोच्च प्राथमिकता'' । विगत कुछ समय से आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में जिस तरह आप सभी की सक्रिय भागीदारी दिख रही है, वह इस बात का प्रमाण है कि अब शासन और जनता के बीच की दूरियां मिट चुकी हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि अब आपको अपने हक के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, बल्कि प्रशासन स्वयं आपके द्वार खड़ा हो।

## कलेक्टर ने की जिले में एलपीजी व पेट्रोल -डीजल उपलब्धता की समीक्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,15 मई।** जिले की एजेंसियो में रसोई गैस एवं पेट्रोल -डीजल की पर्याप्त कंपनियों द्वारा पर्याप्त आपूर्ति की जा रही है। सभी एजेंसियो को अपने उपभोक्ताओं को पर्याप्त मात्रा में एलपीज़ी व पेट्रोल -डीजल वितरण सुनिश्चित करना होगा। इस सम्बन्ध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को खाद्य विभाग के अधिकारियो, एलपीज़ी वितरक, एवं कंपनी के अधिकारियो की बैठक लेकर जरुरी निर्देश दिये।

आईओसीएल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल के अधिकारियो ने बताया कि सभी एजेंसियो को पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति की जा रही हैं। वितरको द्वारा डिमांड जनरेट करने में देरी होने से आपूर्ति में कुछ विलम्ब हो रहा हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें।किसी भी गैस एजेंसी या पेट्रोल पम्प में कालाबाजारी, जमाखोरी या अन्य अनियमितता पाए जाने पर सम्बंधित एजेंसी एवं अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पम्प में सीसीटीवी कैमरा 24 घण्टे सक्रिय रखने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि पेट्रोल पम्प आने वाले वाहनो को ही पेट्रोल डिजल दिया जाए। जरिकेन में बल्क में किसी को भो डीजल -पेट्रोल नहीं दें। उन्होंने कहा कि खेती के लिये ट्रेक्टर में डीजल की आवश्यकता के लिये जरिकेन में डीजल लेने पर ट्रेक्टर के कागजात व वाहन स्वामी के नाम,पता एक रजिस्टर में दर्ज करने के बाद केवल 15 से 20 लीटर डीजल दे सकते हैं। इसी तरह निर्माण कार्य में लगे पोकलेन एवं अन्य अर्थ मूवर के लिये वर्क आर्डर की प्रति, विभाग एवं ठेकदार से डीजल आवश्यकता का सत्यापन के बाद ही जरिकेन में डीजल दिया जाए। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षकों को प्रति दिन फ्ल्डि में जाकर पेट्रोल पम्प एवं गैस एजेंसियो का निरीक्षण करने तथा प्रति दिन का स्टॉक एवं वितरण की जानकारी उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी लक्षित उपभोक्ता को किसी प्रकार कि दिक्क़त न हो। कहीं भी निर्धारित दर से अधिक या बिना सिलेंडर डिलीवरी के डिलीवरी का मेसेज भेजने पर एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें। इसीतरह भौतिक सत्यापन एवं ऑनलाइन एंट्री में विसंगति होने पर भी कार्यवाही किया जाए।सभी ऑयल कम्पनी एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पेट्रोल पम्प में पेट्रोल- डीजल एवं गैस एजेंसियो में एलपीज़ी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें।बैठक में पेट्रोल पम्प संचालकों ने भी अपनी समस्या साझा करते हुए निराकरण हेतु आग्रह किया गया। कलेक्टर ने उनकी समस्याओं का गंभीरतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा सहित अन्य अधिकारी, ऑयल कंपनी के अधिकारी एवं वितरक उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
( प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 190885/निविदा सूचना क्रमांक 01/वलेलि/2026-27, गरियाबंद, दिनांक 13.05.2026

लम्पसम निविदा के माध्यम से फार्म-एफ में निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 08.06.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः

| | | |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | : | पैरी परियोजना योजना के अंतर्गत सिकासर से कोडार जलाशय तक लिंक नहर (पाइपलाइन) का निर्माण, परीक्षण, ट्रायल रन एवं कमीशनिंग का कार्य तथा कार्य पूर्ण होने की तिथि से 5 (पांच) वर्षों की अवधि तक संपूर्ण प्रणाली का संचालन एवं रखरखाव का कार्य। |
| अनुमानित लागत | : | रूपये 254986.22 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 18.05.2026 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, गरियाबंद
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर, (छ.ग.)

जी-262700730/4

# सीमा ने बिहान से जुड़कर बचत कर चुकाया ऋण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 मई।** छोटी-छोटी बचत से बड़े फायदे होते हैं। ऐसी ही एक मिसाल राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सिंघोली की श्रीमती सीमा साहू ने पेश की है। जिन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपने साहस, हिम्मत एवं मेहनत से अपना एक समूह बनाया। बचत को अपने जीवन का हिस्सा बनाते हुए वित्तीय सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने विभिन्न तरह की आजीविका मूलक गतिविधियों से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार किया। श्रीमती सीमा साहू ने बताया कि वह चंद्रहासिनी स्वसहायता समूह से जुड़ी हैं। वे एक संयुक्त परिवार में रहती हैं, जहां ननद एवं देवर की शादी के लिए साहूकार से उन्होंने ब्याज पर कर्ज लिया था। ग्राम में महिलाओं के समूह पहले से बन चुके थे। उन्होंने अपना स्वयं का समूह बनाकर 10 महिलाओं को जोडऩे का कार्य किया। प्रारंभिक तौर पर संकुल से 15 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई। समूह की महिलाओं ने ऋण की समस्या को देखते हुए उनकी मदद की।



श्रीमती सीमा साहू ने बताया कि थोड़ी-थोड़ी राशि से बचत करते हुए ऋण चुका दिया और फिर से बचत किया। समूह से राशि लेकर रेगहा की भूमि पर खेती करने का कार्य किया तथा कृषि मित्र के तौर पर जैविक खेती का कार्य भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि बचत करते हुए इस मुकाम तक पहुंची हैं। सिलाई के व्यवसाय से भी अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। प्रतिमाह 8 हजार रूपए तक की आमदनी मिल रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से बहुत मदद मिली है और आत्मविश्वास बढ़ा है। वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला रही है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी नर्सिंग का कोर्स कर रही है। श्रीमती सीमा साहू ने बताया कि भविष्य में वे लघु उद्यम से जुड़कर दुकान खोलना चाहती है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता बढऩे से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की राह बनी है।

# कलेक्टर ने पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों की ली बैठक



**राजनांदगांव 15 मई।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पेट्रोल-डीजल पंप संचालकों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि नियमानुसार पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री कार्य करें। नियम के विरूद्ध रिटेल पेट्रोल पंप से औद्योगिक कार्य के लिए पेट्रोल-डीजल नहीं दें। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी को सेंसेटाईज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की सतत आपूर्ति हो रही है और संकट की स्थिति नहीं है। उन्होंने सभी पेट्रोल-डीजल संचालकों से कहा कि जमाखोरी की स्थिति नहीं होनी चाहिए। आवश्यकतानुसार नियमों के तहत पेट्रोल एवं डीजल देना सुनिश्चित करें। ईंधन की बचत को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल एवं डीजल का उपयोग करना है। जिले में आपूर्ति एवं मांग के अनुरूप मूल्य का निर्धारण होना चाहिए तथा इसकी सूचना खाद्य विभाग को दें। उन्होंने पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति की निगरानी करने तथा नियमानुसार कार्य नहीं करने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी एवं अन्य अधिकारी तथा पेट्रोल-डीजल पंप संचालक उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/280/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनय दुबे पिता श्री रमेश दुबे वार्ड क्रं. 4 गुरु घासीदास वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्रीमती सुशीला दुबे पिता स्व. श्री बचानू प्रसाद वार्ड क्रं. 4 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का रजिस्ट्री एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 04 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/263/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुशील रोचलानी पिता श्री सांवल दास रोचलानी वार्ड क्रं. 05 गुरू नानक वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री प्रदीप कुमार पिता श्री रेखराज अग्रवाल वार्ड क्रं. 16 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का रजिस्ट्री पंजीयन एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 16 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/265/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती मीरा साहू पति श्री अलख साहू वार्ड क्रं. 08 महामाया वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री अलख साहू पिता श्री सिरधारी साहू वार्ड क्रं. 08 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का रजिस्ट्री एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 08 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/268/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अहिल्या वर्मा पति स्व. श्री ओंकार वर्मा वार्ड क्रं. 15 डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत स्व. श्री ओंकार प्रसाद वर्मा पिता स्व. श्री पीलाराम वर्मा वार्ड क्रं. 15 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का मृत्यु, शपथ पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 15 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/269/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शांति विश्वकर्मा पति श्री चंद्रिका प्रसाद विश्वकर्मा वार्ड क्रं. 11 गोवर्धन वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री बलराम विश्वकर्मा पिता श्री चन्दिका विश्वकर्मा वार्ड क्रं.12 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 11 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/271/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नरेन्द्र कुमार वर्मा पिता श्री कृष्णालाल वर्मा वार्ड क्रं. 19 बालाजी वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्री आदित्य वर्मा पिता स्व. श्री अशोक वर्मा वार्ड क्र. 19 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 19 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नही हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/273/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती ब्रहस्पति पटेल पति श्री बल्दू पटेल वार्ड क्रं. 03 पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्रीमती हीना सलूजा पति श्री हरिशचंद सलूजा वार्ड क्रं. 03 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का सहमति पत्र एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 03 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/276/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनूप रवानी पिता स्व. श्री प्रभाकर रवानी वार्ड क्रं. 21 मिशन वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्रीमती शांति चंद पति श्री आर.ए. चंद वार्ड क्रं. 21 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का रजिस्ट्री एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 21 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं हैं। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

कार्यालय नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक/278/न.पा./रा.वि./2026-27
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/26

ईश्तहार-सूचना

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रितेश कुमार शर्मा पिता स्व. श्री कचरू प्रसाद शर्मा वार्ड क्रं. 12 बाजार वार्ड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत श्रीमती सीमा शर्मा पति श्री गोविंद राम शर्मा वार्ड क्रं. 12 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर में भूमि/भवन का रजिस्ट्री एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त शपथ पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्रं. 12 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड पंजी में नाम दर्ज नहीं है। नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक .......... को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा-नेवरा
मुहर

## एक नजर

### एमेज़ॉन ने फ्रेट हाईवे का इलेक्ट्रिफिकेशन ब्लूप्रिंट पेश किया

**रायपुर, 15 मई।** भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा चुने गए 20 प्राथमिक हाईवे से आगे बढ़ते हुए नेशनल ई.वी हाईवे गाईडेंस फ्रेमवर्क फ्रेट को डीज़ल से शून्य उत्सर्जन वाले ट्रकों में बदलने के लिए भारत का पहला प्रमाण आधारित रोडमैप है। इस फ्रेमवर्क के लिए जमीनी स्तर पर चलाए गए पायलट प्रोजेक्ट्स से जानकारी एकत्रित की गई, जिसमें गोल्डन क्वाड्रिलेटरल पर 6, 500किलोमीटर तक इलेक्ट्रिक ट्रक का संचालन शामिल है, इसमें भारत के हाईवे को साल 2035 तक ई.वी-रेडी बनाने का रोडमैप दिया गया है। एमेज़ॉन द्वारा स्थापित द क्लाईमेट प्लेज़ (टीसीपी) ने आज सी40 सिटीज़ (क्लाईमेट एक्शन पर काम करने वाले दुनिया के लगभग 100 शहरों के नेटवर्क) के सहयोग से फ्रेट ट्रांसपोर्ट को डीज़ल से जीरो एग्ज़ॉस्ट एमिशन बैटरी इलेक्ट्रिक ट्रक्स में बदलने के लिए भारत का पहला प्रमाण आधारित रोडमैप पेश किया। नेशनल ई.वी हाईवे गाईडेंस फ्रेमवर्क में साल 2027 तक भारत के सबसे व्यस्त फ्रेट मार्गों को इलेक्ट्रिफाई करने के लिए एक चरणबद्ध प्लान की पेशकश की गई है, जिसकी शुरुआत भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा चुने गए 20प्राथमिक हाईवे से होगी। इसके बाद इसका विस्तार औद्योगिक केंद्रों एवं पोर्ट्स तक किया जाएगा और अंत में साल 2035 तक एक सुगम, ई.वी-रेडी नेशनल फ्रेट नेटवर्क स्थापित कर दिया जाएगा।

### पंडरी में युवक पर ब्लेड से हमला कर लूट

**रायपुर, 15 मई।** पंडरी गुरुद्वारे के पीछे युवक को ब्लेड मार कर दिन दहाड़े लूटा गया। मोबाइल पैसा लूटने के लिए युवक के हाथ में ब्लेड से हमला किया गया। 28 लाख की धोखाधड़ी दूसरे का भूखंड अपना बता कर बेचने का सौदा कर 28 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। आजाद चौक पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। प्रगति विहार महावीर नगर, राजेन्द्र नगर निवासी पंकज चिजवानी 38 ने गुरुवार देर रात रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार अनिल अग्रवाल, सपना सिंघानिया और रमेश ने 4250 वर्ग फीट भूखंड अपना बताया। इसे खरीदने पंकज ने तीन वर्ष पूर्व 14 अगस्त 23 को सौदा किया। इसमें उसने तीनों को 28 लाख रुपए का बयाना दिया। उसके बाद से तीनों रजिस्ट्री में आना कानी करते रहे। पंकज ने राजस्व रिकार्ड में जमीन की जांच कराई तो वह दूसरे के नाम दर्ज है। उसके बाद से पंकज, अपना बयाना वापस मांग रहा है। नहीं देने पर कर रात 11.30 बजे धारा 420, 120 बी के तहत मामला दर्ज कराया।

### लिवर ट्रांसप्लांट से मरीजों को मिला नया जीवन

**रायपुर, 15 मई।** वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स नागपुर में एक महीने के भीतर दो जटिल लिवर ट्रांसप्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई हैं। यह मध्य भारत में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं और ट्रांसप्लांट उपचार के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इन सर्जरी में एक कैडेवरिक (मृत दाता से प्राप्त) लिवर ट्रांसप्लांट और दूसरा जीवित दाता से (बेटे द्वारा पिता को दिया गया) लिवर ट्रांसप्लांट किया गया। दोनों सर्जरी डॉ. स्वप्निल शर्मा, कंसल्टेंट, लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन, वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स नागपुर के नेतृत्व में उनकी समर्पित मल्टीडिसिप्लिनरी ट्रांसप्लांट टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गईं। इन सफल सर्जरी के बाद दोनों मरीजों को नया जीवन मिला है।

### ट्रेड फेयर में होगी सरगुजा की भी सहभागिता

**रायपुर, 15 मई।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर परवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में 12 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले देश के सबसे बड़े ट्रेड फेयर भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 के संबंध में आज कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी एवं कैट छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम से सौजन्य मुलाकात कर महोत्सव की रूपरेखा, कृषि आधारित व्यापारिक संभावनाओं एवं प्रदेश की सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की।

### निधन

#### प्रकाश चंद्र मिश्रा



**रायपुर, 15 मई।** प्रकाश चंद्र मिश्रा (सेवानिवृत्त बीडीओ) का आज निधन हो गया है। वे रितेश, सपना एवं नम्रता के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान, समता कॉलोनी, रायपुर से दोपहर 1:00 बजे महादेव घाट श्मशान घाट के लिए निकाली गई।

# भीषण गर्मी पर राहत की बारिश

## रायपुर समेत कई जिलों में मूसलाधार वर्षा



**रायपुर, 15 मई।** राजधानी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में शुक्रवार सुबह से बादल गरजने के साथ बारिश हुई. टर्फ और साइक्लोनिक सर्क्युलेशन के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिला है. तेज हवाओं और बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है.

### रायपुर में जमकर बरसे बादल

रायपुर में सुबह से मौसम बिगड़ गया. लगभग 8 बजे के बाद आसमान में काले बादल छाए और बारिश का सिलसिला शुरू हुआ. बादल गरजने के साथ बारिश होने लगी. ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है.

### मौसम विभाग ने जारी किया है अलर्ट

बता दें कि मौसम विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के कई इलाकों में यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. राजनांदगांव, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवा, आंधी (40-60 KMPH) और वर्षा की संभावना है. यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, जशपुर, सूरजपुर में यलो अलर्ट जारी किया गया है. इन इलाकों में यलो अलर्ट जारी है.

# भाजपा-कांग्रेस में फोटो पर राजनीति




**रायपुर, 15 मई।** रायपुर में सट्टा सिंडिकेट से जुड़ी तस्वीरों को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है. पूर्व सीएम भूपेश बघेल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और पूर्व डीसीएम टी.एस सिंहदेव के बीच सोशल मीडिया पर तीखी बयानबाजी देखने को मिली.

मामले की शुरुआत तब हुई जब भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर एक कथित सट्टा सरगना की तस्वीर ओ.पी. चौधरी के साथ साझा की. पोस्ट में उन्होंने लिखा कि आरएसएस का सट्टा स्वयंसेवक करण चौधरी वित्त मंत्री के बेहद करीबी हैं और उनके साथ खाते-खिलाते तथा छत्तीसगढ़ संवारते नजर आ रहे हैं. इसके जवाब में ओपी चौधरी ने टीएस सिंहदेव के साथ आरोपी की तस्वीर शेयर करते हुए पलटवार किया. उन्होंने लिखा कि भूपेश जी, टी.एस. बाबा वाली फोटो में तो आरोपी उनके बेडरूम तक दिख रहा है.

इसके बाद टीएस सिंहदेव ने भी सार्वजनिक प्रतिक्रिया दी और कहा कि बिना किसी कारण केवल राजनीतिक जवाब देने के लिए उनका नाम घसीटना दुर्भाग्यपूर्ण और पूरी तरह अनावश्यक है.

मामले में ओपी चौधरी ने फिर जवाब देते हुए लिखा कि टीएस सिंहदेव एक अच्छे व्यक्ति हैं, लेकिन गलत संगत में पड़ गए. उन्होंने पुराने राजनीतिक समीकरणों का जिक्र करते हुए कहा कि कभी भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव की जय-वीरू की जोड़ी मानी जाती थी. अगर वीरू जबरन किसी पर बाल्टी भर कीचड़ उछालेगा, तो संभावना तो बनती ही है कि जय पर भी कुछ छींटें पड़ जाएं. सोशल मीडिया पर यह मुद्दा तेजी से वायरल हो रहा है और भाजपा-कांग्रेस के समर्थकों के बीच भी तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं.

# व्यापारियों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रहा कैट



**रायपुर, 15 मई।** युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कान्ति पटेल, प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष भरत भूषण गुप्ता ने बताया कि युवा कैट द्वारा 0 मई को होटल सिमरन इंटरनेशनल, पंडरी, रायपुर में एक भव्य एवं प्रभावशाली बिजनेस मीट का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रमुख व्यापारी, उद्यमी एवं विभिन्न क्षेत्रों के व्यवसायियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों के बीच नेटवर्किंग को बढ़ावा देना, नए व्यापारिक अवसरों की खोज करना एवं आपसी सहयोग को मजबूत करना रहा।

इस अवसर पर जॉफफूड्स के प्रबंध निदेशक एवं युवा उद्यमी आकाश अग्रवाल ने कहा, आज के समय में व्यापार की प्रगति के लिए मजबूत नेटवर्किंग और सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। युवा छ्ढ्ढञ्ज द्वारा आयोजित यह बिजनेस मीट व्यापारियों को एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां वे नए संपर्क स्थापित करने के साथ-साथ अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने हेतु प्रभावी समाधान भी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से व्यापारियों को नई सोच, नए अवसर और बेहतर व्यावसायिक सहयोग मिलता है।

युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कान्ति पटेल एवं प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह ने कहा, युवा छ्ढ्ढञ्ज लगातार व्यापारियों को एकजुट कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस प्रकार के बिजनेस मीट न केवल आपसी तालमेल और विश्वास को मजबूत करते हैं, बल्कि नए व्यापारिक अवसरों के द्वार भी खोलते हैं। आज के बदलते व्यापारिक परिवेश में ऐसे मंच अत्यंत आवश्यक हैं, जहां व्यापारी एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकें और अपने व्यवसाय को नई दिशा दे सकें। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक व्यापारी इस मंच के माध्यम से अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के साथ-साथ एक मजबूत एवं विश्वसनीय व्यापारिक नेटवर्क का हिस्सा बने, जिससे प्रदेश में व्यापारिक विकास को नई गति मिल सके। इस अवसर पर युवा कैट टीम द्वारा अवनीत सिंह एवं विजय पटेल को संगठन में नवीन दायित्व मिलने पर विशेष रूप से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

# जनसमस्याओं के निराकरण के निर्देश



**रायपुर, 15 मई।** विकासखंड बेरला अंतर्गत नगर पंचायत भिंभौरी में आयोजित सुशासन तिहार 2026 शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने आमजन से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, किसान, युवा एवं विभिन्न योजनाओं के हितग्राही उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसमें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के प्रमाण पत्र, कृषि विभाग द्वारा प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र, मछली पालन विभाग की सामग्री, दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल तथा लखपति दीदियों को चेक एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। साथ ही छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक शिविर नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास, संवाद और समाधान का मजबूत माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य कर रही है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

# धान के समर्थन मूल्य में 72 रुपए वृद्धि अपर्याप्त, ऊंट के मुंह में जीरा : बैज

**रायपुर, 15 मई।** केंद्र सरकार के द्वारा तय समर्थन मूल्य में मात्र 72 रू. की वृद्धि अपर्याप्त है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले साल धान के एमएसपी में भी मात्र 69 रु. वृद्धि हुई थी, इस वर्ष जो बढ़ोतरी हुई है वह वर्तमान मूल्य में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी है, जबकि महंगाई वृद्धि दर लगभग 8 प्रतिशत। 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने और सी 2 फार्मूले से लागत पर 50 प्रतिशत लाभ देने का वादा करके सत्ता में आई मोदी सरकार ने एक बार फिर किसानों को धोखा दिया है। इस बार खरीफ़ सीजन 2026-27 के लिए मंजूर किए गए एमएसपी की घोषणा के अनुसार धान पर कुल वृद्धि 3 प्रतिशत मात्र है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सी 2 फार्मूले के अनुसार कृषि लागत में नकदी खर्च, खाद, बीज, पानी, रसायन, मजदूरी के साथ ही गैर नकदी लागत के अलावा जमीन की लीज रेंट और उससे जुड़ी खर्च पर लगने वाले ब्याज को भी शामिल किया जाना चाहिए, साथ-साथ किसान परिवार के मेहनत के अनुमानित लागत को भी जोड़ा जाना चाहिए, लेकिन दुर्भावनापूर्वक लागत में इनमें से कई खर्चो को शामिल नहीं किया गया। हाल ही में विगत 10 फरवरी 2026 से केंद्र की मोदी सरकार ने पोटाश की कीमत में 15 प्रतिशत और एनपीके की कीमत में 30 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि की है। न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि और बढ़ती महंगाई के चलते धान के खेती में कृषि लागत में एक साल के दौरान औसत वृद्धि 8 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन किसान विरोधी मोदी सरकार ने एमएसपी में मात्र 3 प्रतिशत की ही वृद्धि की है जो किसानों के साथ अन्याय है, अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा ने राज्य के विधानसभा चुनाव में किसानों से वादा किया था कि धान की कीमत 3100 रु. देंगे। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद 2023 से लेकर अभी तक धान के समर्थन मूल्य में प्रतिवर्ष जो बढ़ोतरी हुई वह 117 रु. + 69 रु. + इस वर्ष के 72 रु. कुल = 258 रु., अतः सरकार घोषित करें किसानों को धान की इस वर्ष 3100 + 258 = 3358 रु. में खरीदी की जायेगी। साय सरकार पिछले दो वर्ष से जो समर्थन मूल्य की बढ़ोतरी हुई है उसको 3100 में जोड़कर 3358 रु. प्रतिक्विंटल की दर से किसानों को नहीं दे रही, इससे किसानों को बढ़े समर्थन मूल्य का फायदा नहीं मिल रहा, केंद्र जो समर्थन मूल्य बढ़ा रहा उसको राज्य सरकार डकार जा रही, यह किसानों से धोखा है।

# मुख्यमंत्री, मंत्रियों के काफिले में कटौती केवल खानापूर्ति : कांग्रेस

## सरकार बताये पहले माननीयों के काफिले में कितनी गाड़ी चल रही थी, अब कितनी चल रहीं

**रायपुर, 15 मई।** मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों के काफिले में कटौती की घोषणा केवल कागजी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आज भी मंत्रियो के काफिले में अघोषित रूप से आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां चल रही है। कार्केड में कटौती का दावा कागजी है, असलियत यही है कि लाव लश्कर में कोई कमी नही है। घोषित गाड़ी के अलावा पायलेट, फॉलो चलाया जा रहा, साथ ही निजी स्टाफएवं समर्थकों की गाड़ियां अलग से चल रही है। काफिले की सभी गाड़ियो को जोड़ा जाये तो दो दर्जन से अधिक गाड़ियां एक काफिले में चल रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री के काफिले में भी घोषित रूप से 8 वाहन चल रहे है। विधानसभा अध्यक्ष के काफिले में भी 8 से अधिक वाहन चल रहे है। राजभवन का काफिला भी भारी भरकम है। जबकि अघोषित रूप से इन सबके काफिले में भी अघोषित तौर पर दर्जनों वाहन चल रहे है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आज भी सरकार के दो दर्जनों से अधिक अधिकारी विभिन्न विभागों के एमडी आदि के घरो में आधा दर्जनों से अधिक वाहन खड़े है। साहब के परिजन उसमें चलते है। मंत्रियों के ओएसडी, पी.ए. धड़ल्ले से शासकीय वाहनों का उपयोग कर रहे है। रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा सस्ता प्रचार पाने के लिये ई-रिक्शा पर दौरा करने निकले थे। लेकिन ई-रिक्शा के 1 किलोमीटर पीछे उनकी फॉर्चूनर चल रही थी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार वास्तव में गाड़ियों के काफिले में कटौती कर रही तथा शासकीय रवैयो में कटौती की जा रही है, तो सरकार घोषित करे कि अभी तक सरकार के मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, राज्यपाल, मंत्रियों के काफिले में कितनी गाड़ियां चल रही थी तथा वर्तमान में कितनी चल रही है।

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : शंगीता आर.

**रायपुर, 15 मई।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव शंगीता आर. ने आज विभागीय अधिकारियों, नगर निगम आयुक्तों, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, नोडल अधिकारियों एवं प्रदेश के सभी 194 नगरीय निकायों के अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक लेकर सुशासन, जवाबदेही, जन सेवा एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। पहली बार प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों का पूरा अमला एक साथ इस बैठक में शामिल हुए। नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव शंगीता आर. ने बैठक में कहा कि नगरीय निकाय राज्य शासन का चेहरा होते हैं और नगरों का विकास राज्य के विकास का पर्याय है। नागरिकों को शुद्ध पेयजल, स्वच्छ वातावरण, बेहतर मूलभूत सुविधाएं एवं कचरामुक्त शहर उपलब्ध कराना नगरीय निकायों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासन के पास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, इसलिए कार्यों में लापरवाही, अनियमितता या अनावश्यक बहाने स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक आयुक्त एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने निकाय की समस्याओं के समाधान के लिए स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करें। स्थानीय समस्याओं की पहचान कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू किया जाए।



# विप्र कॉलेज में नवा बिहान का आयोजन

**रायपुर,15 मई।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में जूनियर द्वारा सीनियर के लिए विदाई समारोह नवा बिहान का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने अपने प्रेषित संदेश में विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना देते हुए शैक्षणिक दायित्व का सदैव स्मरण रखते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए मनुष्य निर्माण की अपनी दायित्व का निर्वहन समर्पण और ईमानदारी से निभाने की बात कही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ .मेघेश तिवारी ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी विद्यार्थी का महाविद्यालय से विदाई नहीं हो रहा है। आप सदैव विप्र परिवार से जुड़े रहेंगे और हम सब एक दूसरे का सहयोग करते हुए खुद को विकसित करते रहेंगे।

विभागाध्यक्ष डॉ .दिव्या शर्मा ने छात्रों को अनुशासन एवं अपने कार्य के प्रति समर्पण की बात कहते हुए छात्रों का मार्ग दर्शन किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा छात्रों को मेडल प्रदान किए गए। बेस्ट स्टूडेंट सागर सिंह गंजीर, एकेडमिक अचीवर ओम श्री, मोस्ट हेल्पफुल पर्सनालिटी कमल और सौरभ साहू, प्लीजिंग पर्सनालिटी भूपेश और जतिन, वेल डिसिप्लिन स्टूडेंट उपेंद्र साई को उनके वर्ष भर की सक्रिय भागीदारी और ओवरऑल परफॉर्मेंस के आधार पर चुना गया। इसके बाद सीनियर विद्यार्थियों ने अपने अनुभव और सुझाव जूनियर विद्यार्थियों के साथ साझा किये।



# भाजपा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का जामवाल ने किया उद्घाटन

**रायपुर, 15 मई।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत रायपुर जिला ग्रामीण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आज चंपारण में प्रारंभ हुआ। वर्ग का उद्घाटन क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहब, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, वर्ग प्रभारी संदीप शर्मा, अभियान के प्रदेश संयोजक अवधेश जैन, जिला प्रभारी सुरेन्द्र पाटनी, विधायक इंद्र कुमार साहू, जिलाध्यक्ष श्याम नारंग, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, पूर्व विधायक देवजी पटेल, संजय ढीढी आदि उपस्थित हुए। अशोक बजाज सहित अनेक पदाधिकारी ई-रिक्शा में चंपारण पहुंचे।




## विधायक पुरंदर मिश्रा ने ई-व्हीकल अपनाने का लिया संकल्प

**रायपुर, 15 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी अपनाओ, वोकल फॉर लोकल एवं पर्यावरण संरक्षण की अपील से प्रेरित होकर रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पुरंदर मिश्रा ने इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई-व्हीकल) एवं ई-रिक्शा को अपनाने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में उन्होंने ई-रिक्शा में भ्रमण कर आमजन को स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और हरित परिवहन अपनाने का संदेश दिया। विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और बढ़ती ईंधन कीमतों के बीच देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में जनप्रतिनिधियों की भी जिम्मेदारी है कि वे स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करें। कहा कि ई-व्हीकल का उपयोग न केवल पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और आर्थिक बचत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ई-रिक्शा एवं इलेक्ट्रिक वाहन आमजन के लिए किफायती, सुविधाजनक और भविष्य की आवश्यकता हैं। विधायक मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल अभियान को नई शक्ति मिली है।



# पूर्व कांग्रेस पार्षद दास का कान्हा किसली में हार्ट अटैक से मौत

**रायपुर, 15 मई।** संतोषी नगर के मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड पार्षद अमित दास की हार्टअटैक से मौत हो गई है. वह अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए कान्हा किसली नेशनल पार्क गए हुए थे. एक निजी रिजॉर्ट में सभी ठहरे हुए थे. गुरुवार रात नहाने के दौरान उनकी हालत बिगड़ गई. इसी दौरान उन्हें हार्टअटैक आने से मौत हो गई।



जानकारी के मुताबिक, अमित दास अपने दोस्तों के साथ कान्हा किसली नेशनल पार्क घूमने गए थे. इस दौरान स्विमिंग पूल में नहाते वक्त उनके गले में पानी भर गया. मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें संभालने की कोशिश की, लेकिन उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई और अचानक हार्ट अटैक आने से उनका निधन हो गया. घटना के बाद शव को घर लाया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताते चलें कि अमित दास रायपुर निगम क्षेत्र के संतोषी नगर मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड से तीन बार पार्षद और पूर्व एमआईसी सदस्य भी थे. वे पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमित दास और विनीत दास के छोटे भाई थे. उनके आकस्मिक निधन से परिवार सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर है. उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार दोपहर 3 बजे लक्ष्मी नगर स्थित प्रिंस कॉलोनी निवास से गोकुल नगर मठपुरेना के लिए निकलेगी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26